हर वक्त की ताजा खबरों के लिए विजिट करें
yashbharat.co.in

नये जमाने के साथ..

# यश भारत

● कटनी ● सोमवार, 10 जुलाई, 2023



# सावन के पहले सोमवार पर उमड़ी शिव मंदिरों में भक्तों की भीड़, दिन भर चले धार्मिक आयोजन

# 19 साल बार विशेष संयोग, पुरूषोत्तम मास में सावन का पहला सोमवार

## दिन भर शिवालयों में लगी रही शिवभक्तों की भीड़





**कटनी, यशभारत।** सावन माह शुरु होने पर आज पूरे जिले में रिमझिम बारिश तो कभी धूप छांव के बीच शिवभक्तों का उत्साह साफ दिख रहा था। इस साल सावन का महीना 4 जुलाई से शुरू होकर 31 अगस्त तक चलेगा। इस साल सावन दो महीने का होगा 19 साल बाद ऐसा योग बन रहा है जब सावन पर बहुत ही खास संयोग बन रहा है। इस बार सावन में 4 नहीं बल्कि 8 सोमवार पड़ेंगे, जिससे शिव भक्तों को उनकी भक्ति के लिए अधिक समय मिल जाएगा। आज सावन का पहला सोमवार है। आज के दिन भोलेनाथ की पूजा सच्चे मन से करने से आपको शुभ फल की प्राप्ति होती है।

कटनी हाथों में जल का लोटा व पूजन की थाली, मन में हिलोर मारती आस्था, शिवालयों की ओर श्रद्धालुओं के बढ़ते कदम, बम-बम भोले के जयघोष, दर्शन पूजन को मची होड़...। यह नजारा था सोमवार की भोर से शहर के शिवालयों का। भगवान भोलेनाथ की आराधना के लिए सुबह से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। शहर के प्राचीन शिव मंदिर मधई मंदिर में अल सुबह से आस्था का सैलाब उमड़ा।

सावन सोमवार पर चण्डिका मंदिर कुठला नदी के तट पर भी विशेष आयोजन हुए। कई स्थानों पर पार्थिव शिवलिंग बनाते हुए अभिषेक पूजन किया। इसके बाद धूमधाम से शिवलिंग का विसर्जन किया गया। इसके अलावा माधवनगर स्थित भोलेशंकर मंदिर, शहर के प्राचीन मधई मंदिर, गौरी शंकर मंदिर, विश्राम बाबा मंदिर, कटायेघाट हनुमान मंदिर, शिव मंदिर अस्पताल रोड, माई नदी शिव मंदिर, शीतला माता मंदिर, सत्यनारायण मंदिर, वेंकट वार्ड स्थित हवलदारिन के बाड़ा स्थित प्राचीन शिव मंदिर, खिरहनी मंदिर आदि में भी पूजन के लिए श्रद्धालु पहुंचे। वहीं लोगों ने व्रत रखकर भगवान भोलेनाथ के प्रति आस्था प्रकट की।

## गायत्री नगर में भव्य क्लश यात्रा के साथ संगीतमय श्री शिवमहापुराण कथा



शिव मंदिर सोनी के बगीचा गायत्री नगर में भव्य क्लश यात्रा के साथ संगीतमय श्री शिवमहापुराण कथा का उमंग व उल्लास के साथ शुभारम्भ हो गया है विभिन्न देवी देवताओं के ध्वज तले निकाली गयी जिसमें शिव मन्दिर से प्रारंभ होकर बाबा घाट गायत्री माता मन्दिर केमा बाबा मन्दिर से होकर के कथा पंडाल पहुंची कलश यात्रा में भक्तों की भीड़ ने आध्यात्मिक छटा बिखेर कर रख दी कथा शुभारम्भ से पहले नगर भव्य कलश यात्रा बेहद आकर्षण का केंद्र रही नगर के स्थित सभी देवताओं को प्रणाम किया कथा का वाचन करने आए वृन्दावन धाम से पधारे बालब्यास पं. ऋषिकांत गर्ग जी महाराज की अमृतमई वाणी में कथा का गंगा प्रवाहित होगी श्री शिव महापुराण के शुभारभं से पहले निकली शोभा यात्रा में समूचा शहर जय शंकर के नारों से गुंजायमान रहा मातृ शक्ति के सिरों पर शुशोभित कलशों ने आभामण्डल को सुशोभित कर जबरदस्त रौनक बिखेर दी। सैकड़ों की संख्या में मातृशक्ति की अगुवाई में निकाली गई यह यात्रा गायत्री नगर में आध्यात्म जगत की यादगार यात्रा रही।इस यात्रा में जहां सैकड़ों मातृशक्तियों के सिरों पर कलश शुसोभित थे।वही सैकड़ों की संख्या में भक्तजन नाचकर शिव की कृपा का यशोगान कर रहे थे।

## विजयराघगढ़ विधानसभा में विकास कार्यों के भूमिपूजन पर विधायक ने राजनीतिक प्रतिद्वंदियों को दिया दो टूक जवाब

# साढ़े 18 करोड़ की लागत वाले पुल का भूमिपूजन

## विधायक संजय पाठक ने कहा-इसका उद्घाटन भी मैं करूंगा

*कटनी, यशभारत। कटनी जिले के विजयराघवगढ़ विधानसभा के घुनौर में आज 18म करोड़ 59 लाख की लागत वाले पुल का भूमिपूजन विधायक संजय सत्येंद्र पाठक ने किया साथ ही कहा कि पुल का भूमि पूजन किया इसका उद्घाटन भी मैं करूंगा। इसके राजनीतिक मायने यह हैं कि श्री पाठक ने अपने राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों को दो टूक संदेश दिया कि आने वाले विधानसभा चुनाव में वह क्षेत्र से पुन: विधायक बनेंगे। एक तीर से कई निशाने लगाने पर विधायक श्री पाठक के इस बयान की आज काफी चर्चा थी।*



विजयराघवगढ़ विधानसभा अंतर्गत विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक ने आज महानदी पर खिरवा से घुनौर के बीच 18 करोड़ 59 लाख की लागत से बनने वाले पुल का भूमिपूजन किया। पुल के निर्माण से दो दर्जन से अधिक गांवों के निवासियों को सीधा लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि विजयराघवगढ़ में विकास का सुनहरा अध्याय लिखा जा है।

### 30 से 35 किलोमीटर का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा

इस अवसर पर विधायक संजय सत्येंद्र पाठक ने लोगों को सम्बोधित करते कहा कि इस पुल के निर्माण से महानदी के दोनों ओर बसे सैकड़ों लोगों को एक तरफ से दूसरी तरफ जाने के लिए लगभग 30 से 35 किलोमीटर का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। महानदी के दोनों तरफ बसे हुए इस क्षेत्र के खिरवा, घुनौर राजरवारा न 1, जंगल पुरैनी, बरेहटा, बहरेटी, गोइंद्रा, जिवारा ,नारेड़ा, नरेड़ी, रोहनिया, बरुआ, खिरवा न 1, खलेंदा, सिनगौड़ी, बकेली, सिघनपुरा, कुंदरेही ,पथरेहटा के लोगों को एक बड़ी उपलब्धि प्राप्त हो रही है। यह इस क्षेत्र के लोगों के लिए मील का पत्थर साबित होगा। आज खिरवा से घुनौर के पुल का भूमिपूजन किया है लोकार्पण भी मैं करूंगा क्षेत्र के विकास में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी जाएगी ।

### देश का सुंदर धार्मिक स्थल बनेगा हरिहर तीर्थ

भारी जनसमुदाय को सम्बोधित करते विजयराघवगढ़ विधानसभा का सुनहरा अध्याय बनेगा हरिहर तीर्थ यह इस क्षेत्र के हजारों लोगों के लिए बेहतर रोजगार के अवसर प्रदान करेगा साथ ही देश दुनिया मे इस तीर्थ से विजयराघवगढ़ की पहचान स्थापित होगी। पूरी विधानसभा में करोड़ों रुपये का विकास कार्य चल रहे अगले कुछ महीनों में पूरे क्षेत्र में विकास के इन कार्यो से लोग लाभान्वित होंगे।

### सत्येंद्र पाठक जी का सपना था यह पुल

श्री पाठक ने कहा कि इन्ही विकास कार्यो की कड़ी में आज पूज्य बाबू जी श्री सत्येंद्र पाठक जी के सपने को साकार करने का अवसर मिला जिससे मैं अभिभूत हूँ यह सब पूज्य बाबू जी के आशीर्वाद तथा इस क्षेत्र की जनता के स्नेह से सम्भव हुआ।

### यकीन नहीं था कि यह पुल भी कभी बनेगा

उन्होंने कहा कि विजयराघवगढ़ में आज जिस पुल का भूमि पूजन हुआ लोगों को यकीन नहीं था कि यह पुल भी कभी बनेगा। ऐसे अनेक कार्यो ने पूरी विधान सभा मे सड़क, पुल पुलिया, स्कूल, अस्पताल सामुदायिक भवन बिजली आदि के जितने कार्य हुए हैं वह यहां के बुजुर्ग ही बता सकते हैं इससे पहले कभी नहीं हुए। पूरे मध्यप्रदेश में सबसे ज्यादा विकास कार्य करने वाली विधानसभा कोई है तो वह विजयराघवगढ़ है। जनता की सेवा में जो सुख है वह सुख किसी विलासिता में नहीं है हमारे क्षेत्र की जनता बुजुर्ग महिलाएं बच्चे युवा स्नेह से संजू भैया कहते हैं तो मानों दुनिया की सारी खुशी मिल जाती हैं। उन्होंने कहा कि आज यह भूमि पूजन तो विकास का एक कार्य है ऐसे अनेक कार्य चल रहे या शुरू हो रहे हैं। श्री पाठक ने कहा कि आपके इस प्रधान सेवक को किसी से एक रुपये भी नहीं चाहिए बस काम होना ही मेरी प्राथमिकता है।



### विपक्षी दलों को भी निशाने पर लिया

विधायक श्री पाठक ने इस मौके पर विपक्षी दलों को भी निशाने पर लिया उन्होंने कहा कि चुनाव आ रहे हैं कई नेता बरसाती पौधों की तरह निकलेंगे लालच देंगे झूठ का पिटारा खोलेंगे लेकिन क्षेत्र की जनता को सचेत रहना है। उन्होंने कहा कि जनता ऐसे नेताओं से सिर्फ यह पूछ लें कि कोरोना काल के समय कहां थे तो वह अगल बगल झांकने लगेंगे। श्री पाठक ने कहा कि बीते 4 साल में प्रदेश की भाजपा सरकार मुख्यमंत्री शिवराज सिंह के नेतृत्व में इस विजयराघवगढ़ के लिए अनेक कार्य स्वीकृत किये।

### लाडली बहनों से वचन निभाया, जल्द 3 हजार मिलेंगे

उन्होंने कहा कि आज कांग्रेस नारी सम्मान योजना का झूठ फैला रही है वो 1500 रुपये देने का वादा कर रहे तो हमारे मुख्यमंत्री ने 3000 रुपये तक देने का वचन दिया और एक एक हजार रुपए देने शुरू कर दिया, किसान सम्मान निधि, लाडली लक्ष्मी मुफ्त अनाज 5 लाख तक मुफ्त इलाज और न जाने कितनी लोकहित की योजना शुरू की जिनका लाभ जनता ले रही है। हम सिर्फ वचन देते नहीं उसे निभाते भी हैं।

### सबसे ज्यादा ट्रांसफार्मर बदले विजयराघवगढ़ में

श्री पाठक ने कहा कि पूरे मध्यप्रदेश में कहीं सबसे ज्यादा ट्रांसफार्मर बदले गए तो वह विजयराघवगढ़ विधानसभा है सरकारी रिकार्ड निकलवा कर देख लो। उन्होंने कहा कि तुम्हारा यह प्रधान सेवक सक्षम है किसी भी काम के लिए जनता की खातिर कुछ भी कर सकते हैं।

### रोजगार से भविष्य संवारना उद्देश्य

उन्होंने कहा कि हरिहर तीर्थ निर्माण के पीछे उद्देश्य सारे तीर्थ को एक साथ एक स्थान पर दर्शन कराना तो है ही यहां के हजारों लोगों का रोजगार के जरिये भविष्य संवारना भी है। जहां इस तरह के बड़े कार्य होते हैं वह नगर विकास की नई ऊंचाई को पाता है कैमोर ही इसका उदाहरण है जो 1930 के पहले गांव हुआ करता था आज देश की सबसे बड़ी नगर पंचायत है। इससे पहले विधायक संजय पाठक ने पुल का विधि विधान से भूमि पूजन किया । कार्यक्रम का संचालन श्री उदयराज सिंह ने किया। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष श्रीमती सुधा कोल,जनपद उपाध्यक्ष उदयराज सिंह चौहान, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती संगीता पटेल,जनपद सदस्य ओमप्रकाश तिवारी, सरपंच श्रीमती नीता सिंह बघेल,भाजपा जिला महामंत्री सतीश तिवारी, भाजपा मंडल अध्यक्ष गण जयवंत सिंह चौहान,मनीष मिश्रा प्रमोद सोनी, अंकुर ग्रोवर, दिलीप सिंह बघेल, निलेंद्र सिंह कार्यकर्ताओं सहित विधानसभा क्षेत्र के सम्माननीय नागरिकों क्षेत्रवासियों के साथ प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति रही।

### अकल्पनीय कार्य कराए, हमें गर्व है अपने विधायक पर



विजयराघवगढ़ विधान सभा क्षेत्र में कोविड महामारी के बावजूद विकास के अकल्पनीय लगने वाले काम स्वीकृत हुए हैं ,जिसमे करोड़ों की राशि व्यय होनी है। कार्यक्रम का संचालन करते भाजपा के जिला महामंत्री सतीश तिवारी ने कतिपय विरोधियों पर कड़ा हमला बोला श्री तिवारी ने कहा कि हमारा सौभाग्य है कि हमें एक ऐसा जनसेवक मिला जो न सिर्फ तीर्थ के दर्शन कराने का ख्याल रखते हैं वरन हर वक्त गरीब कल्याण के लिए सतत प्रयत्नशील रहते हैं बीते 4 सालों में जो निर्माण कार्य विधानसभा में संजय पाठक ने कराए वह इस पूरे क्षेत्र की तकदीर बदल देंगे। श्री तिवारी ने बताया कि बगैहा मोड़ से बरन मोहगवां होते हुए खितौली मार्ग 45 करोड़, बरही, विजयराघवगढ़, कैमोर बायपास लगभग 125 करोड़, घुनोर-खेरवा मार्ग पुल 18,60 करोड़, बरही सिविल हॉस्पिटल भवन 10 करोड़, सहित कई ग्रामो में,स्कूल भवन,करेला,बरहटा सीएम राइज स्कूल भवन, उप स्वास्थ केंद्र, आंगनवाड़ी, खेल के मैदान, आई.टी. आई महाविधालय भवन,सहित कई अन्य निर्माण कार्यों के लिए राशि उपलब्ध हुई है। बरही से सतना मार्ग क्षतिग्रस्त महानदी के पुल नये स्लैब निर्माण हेतु 26 करोड़ रुपयों की स्वीकृति हुई है । क्षेत्र में निर्माण और विकास कार्यों की सदैव चिंता कर विधायक श्री पाठक ने केंद्र और प्रदेश सरकार से वांछित सहयोग प्राप्त किया है। हमें ऐसे विधायक जन सेवक पर गर्व है।

सबसे अच्छा - सबसे आसान
सीधे प्रवेश की सुविधा
B.Ed. D. Pharma D.Ed.
NCTE Approved-RDVV Recognized Code - 334 Code - 2243
NCTE Approved-MP Board Recognized Code - 72203 Code - 72205
प्रवेश प्रारंभ
LL.B. • BBA • BCA • B.Com • BA • B.Sc.
M.Com • MSW • MA Edu. • PGDCA • DCA
जिले की सबसे कम फीस -सर्वश्रेष्ठ सुविधा-सबसे अच्छी पढ़ाई
SILICOBYTE KDC सिलिकोबाइट कटनी डिग्री कॉलेज
आधारकाप, नई बस्ती, कटनी 9981435977 silicobyte@yahoo.com

# खिरहनी फाटक क्षेत्र में युवक की हत्या

## चलती ट्रेन से यात्री का मोबाइल छीनकर भाग रहे युवकों ने दिया वारदात को अंजाम



**कटनी, यशभारत।** कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत खिरहनी फाटक क्षेत्र में अज्ञात हमलावर धारदार हथियार से एक युवक की हत्या करते हुए फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक के शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। हत्या का मामला दर्ज कर पुलिस ने मामले की विवेचना शुरू कर दी है। फिलहाल आरोपी फरार हैं, जिनकी तलाश की जा रही है। ऐसी जानकारी मिली है कि खिरहनी फाटक क्षेत्र में ट्रेन से सफर कर रहे इस युवक कुछ लोगों ने चलती ट्रेन में मोबाइल छीन लिया। जिसके बाद युवक ट्रेन से उतरकर युवकों का पीछा करने लगा। सूत्रों से पता चला है कि इसी दौरान अज्ञात युवकों ने उसके साथ मारपीट करते हुए हमला कर दिया। जिससे वह घायल हो गया। पुलिस ने बताया कि खिरहनी फाटक क्षेत्र में रविवार-सोमवार की दर यानी रात करीब 4 बजे यह घटना हुई। घटना के बाद युवक के बेहोशी की हालत में मिलने की सूचना मिली थी, जिस पर पुलिस मौके पर पहुंची। युवक को बेहोशी की हालत में जिला अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवक के शरीर में चोट के निशान मिले हैं। जिसके आधार पर प्रथम दृष्टया हत्या की आशंका जताई जा रही है। मृतक युवक की पहचान सतना जिले के अमरपाटन मार्ग रामनगर निवासी महेश कोल के रूप में की गई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर प्रकरण की विवेचना शुरू कर दी है।

# 24 घंटे में 56 मिमी बारिश

जिले में पिछले 24 घंटे में 56 मिलीमटर यानि दो इंच बारिश दर्ज की गई है। इस साल सही समय पर मानसून सक्रिय होने और पिछले कुछ दिनों से लगातार बारिश केचलते जिले में कुल औसत बारिश का आंकड़ा 325 मिलीमीटर के पार हो गया है, जबकि पिछले साल अभी तक 198 मिलीमीटर बारिश हुई थी। जिले में सबसे ज्यादा 537 मिलीमीटर बारिश स्लीमनाबाद में हो चुकी है। जबकि सबसे कम 210 मिलीमीटर बारिश विजयराघवगढ़ तहसील में हुई है।

### थोड़ी सी बारिश में घरों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में भरा पानी

कटनी। थोड़ी सी बरसात में हुआ लाखों का नुकसान पानी लोगों के घरों एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठान में घुस गया। आज सुबह लगभग 1 घंटे की बारिश में रॉबर्ट लाइन स्थित श्री ओम इंडस्ट्रीज में पानी भरने से माल भीगकर खराब हो गया।

Admission OPEN
CHADHA GROUP OF INSTITUTIONS
Accredited By NAAC
KATNI ARTS & COMMERCE COLLEGE
CHADHA COLLEGE
Your dream your expectation your success
MBA
B.Com | BBA | BCA | BA |
B.Sc. | B.Sc. PCM | B.Sc. CS | MSW | B.Lib.
LL.B. | LL.M. | M.Com | PGDCA | DCA
Saraswati School Road, Nai Basti, Katni (M.P.)
Mob.: 8817403036, 88701017268




### नीलिमा ❤ से

#### शिव ही शक्ति



धरती से कैलाश तक
आदि से अनंत में शिव
अलौकिक शाश्वत स्वामी शिव
सृष्टि के सृजनकर्ता शिव
मंगलकर्ता अमंगल हरता
जगत के पालनकर्ता शिव
अजर-अमर अविनाशी शिव
संकटहर्ता मृत्युंजय शिव
अमृत के सागर में शिव
पावन गंगा के प्रवाह में शिव
संस्कार में शिव आत्मा में शिव
अर्चना-स्तुति आराधना में शिव
संस्कृति में, सत्य में समाहित शिव
साधना की उपासना में शिव
काशी में शिव, कैलाश में शिव
ज्योतिर्लिंग में शिव, आदिशक्ति में शिव
गौरा में शिव शक्ति में शिव
सती के सतीत्व में शिव
प्रेम रूपी बेलपत्री में शिव
पार्वती के अभिषेक में शिव
उत्कृष्ट पावन प्रेम शक्ति में शिव
स्त्री-पुरूष, अद्भुत समभाव
अर्द्धनारीश्वर पार्वती शिव !!!!



- नीलिमा पाठक सामंतरे

yashbharat.co.in
हर वक्त की ताजा खबरों के लिए विजिट करें
# यश भारत
नये जमाने के साथ..
● वर्ष- 17 अंक 158 ● कटनी ● सोमवार, 10 जुलाई, 2023 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● प्रथम श्रावण मास कृष्ण पक्ष 6 ● विक्रम संवत् 2080 शके 1935

**आज का मौसम**
आज सुबह का तापमान
24 डिग्री
दोपहर 12 बजे तक
28 डिग्री
मानसून सक्रिय

## कुएं में सफाई के लिए उतरे 3 युवकों की मौत

**राजगढ़, यशभारत।** मध्य प्रदेश में राजगढ़ जिले के माना गांव में कुएं के अंदर उतरे तीन युवकों की मौत हो गई। सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शवों को बाहर निकालने का कार्य शुरू किया। घटना के बाद युवकों के परिजन मौके पर पहुंचे और कुछ ही देर में ग्रामीणों की भीड़ वहां जमा हो गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। अभी साफ नहीं हो पाया है कि तीनों किस वजह से कुएं के अंदर उतरे थे।

# भारी बारिश भूस्खलन और बादल फटने से तबाही 34 की मौत

## दिल्ली से शिमला तक सड़कें बनीं समंदर



नई दिल्ली एजेंसी। भारी बारिश ने उत्तर और पश्चिम भारत में तबाही मचा दी है। हिमाचल प्रदेश समेत पहाड़ी राज्यों को सबसे ज्यादा नुकसान उठाना पड़ा है। बीते 24 घंटे के दौरान मूसलाधार बारिश के चलते भूस्खलन, बादल फटने, घर ध्वस्त होने, पेड़ और बिजली गिरने से 34 लोगों की मौत हो गई है। सबसे ज्यादा 11 मौतें हिमाचल में हुईं। इसके अलावा, यूपी में 8, उत्तराखंड में 6, दिल्ली में 3, जम्मू-कश्मीर, हरियाणा व पंजाब में दो-दो की जान गई। हिमाचल के मंडी में ब्यास नदी के उफान में 40 साल पुराना पुल बह गया है। दिल्ली में 41 साल बाद जुलाई में एक दिन में 153 मिलीमीटर बारिश हुई है। बारिश के चलते उत्तर रेलवे ने 17 ट्रेनें रद्द कर दी हैं। 12 ट्रेनों के मार्ग बदलने पड़े हैं। पहाड़ी राज्यों में भूस्खलन से सड़कें मलबे में बदल गई हैं, जबकि राजधानी दिल्ली समेत मैदानी राज्यों की सड़कें पानी में डूब गई हैं। इसके चलते यातायात बुरी तरह प्रभावित हुआ है। दिल्ली में यमुना का पानी खतरे के निशान के करीब पहुंच गया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पंजाब, हिमाचल के मुख्यमंत्री और दिल्ली व जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल से बातकर हालात से निपटने में केंद्र से हरसंभव मदद का भरोसा दिया। हिमाचल में 24 जून को मानसून पहुंचने के बाद से ही भारी तबाही हुई है। शनिवार देर रात मंडी और कुल्लू में बादल फटने से ब्यास नदी में अचानक पानी बढ़ गया, जिसमें तीन पुल, एक एटीएम समेत चार दुकानें बह गईं। मौसम विभाग ने अगले 48 घंटों में भारी बरसात को लेकर रेड व ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। पंजाब के कई इलाकों में ट्रैक पर पानी भरने से अंबाला से ऊना-अंब-दौलतपुर चौक आने वाली वंदे भारत समेत अन्य ट्रेनों की आवाजाही ठप रही। श्रीखंड महादेव यात्रा दो दिन के लिए निलंबित कर दी गई है। राजस्थान के हनुमानगढ़ में छह इंच पानी बरसा है। वहीं, झुंझुनूं व सीकर में बाढ़ जैसे हालात हैं।

### लाल निशान के पास यमुना, दिल्ली में बाढ़ की चेतावनी

दिल्ली में यमुना नदी का पानी खतरे के निशान के करीब पहुंच गया है। रात नौ बजे पुराने रेलवे ब्रिज पर पानी 203.62 मीटर ऊंचाई पर था, जो लाल निशान से 1.71 मीटर नीचे था। यमुनानगर में हथिनीकुंड बैराज से लगातार पानी छोड़ने से दिल्ली सरकार ने बाढ़ की चेतावनी जारी की है। अब तक एक लाख क्यूसेक से अधिक पानी छोड़ा जा चुका है। दिल्ली में रविवार सुबह 8 बजे तक 24 घंटे में 153 मिमी बारिश हुई। यह 41 साल पहले 25 जुलाई, 1982 को हुई 169.9 मिमी बारिश के बाद सर्वाधिक है। दिल्ली में गुरुद्वारा रकाब गंज रोड स्थित भाजपा सांसद साक्षी महाराज, जनपथ रोड पर भाजपा सांसद प्रवेश वर्मा, रायसीना रोड स्थित पूर्व केंद्रीय मंत्री मुरली मनोहर जोशी, मथुरा रोड स्थित दिल्ली की लोक निर्माण विभाग मंत्री आतिशी के घर में पानी भर गया।

### अचानक आई बाढ़ और बह गईं कारें

बादल फटने के बाद ब्यास नदी में अचानक बाढ़ आ जाने से कुल्लू-मनाली में कई गाड़ियां बह गईं। भूस्खलन से मनाली-लेह, चंडीगढ़-मनाली समेत पांच नेशनल हाईवे, 736 सड़कें बंद हो गई हैं। हेरिटेज कालका-शिमला ट्रैक पर मलबा गिरने से ट्रेनों की आवाजाही रोक दी गई है

### दिल्ली, गाजियाबाद, नोएडा और लुधियाना में स्कूल बंद

भारी बारिश के चलते स्कूलों को बंद करना पड़ा है। दिल्ली, नोएडा, गुरुग्राम, हापुड़ और फरीदाबाद में सोमवार को स्कूल बंद रहेंगे। लुधियाना में भी बारिश के चसते स्कूल बंद करने की घोषणा की गई है। भारी बारिश के चलते डोडा में भूस्खलन की चपेट में एक सवारी बस के आने से चालक व कंडक्टर की मौत हो गई। उधमपुर में तवी और दक्षिण कश्मीर-श्रीनगर में झेलम नदी खतरे के निशान से ऊपर है। मौसम विभाग ने कठुआ, सांबा के लिए रेड अलर्ट जारी करते हुए नदी-नाले के किनारे न जाने की सलाह दी है।

### मोहाली - लोगों को निकालने के लिए बुलानी पड़ी नाव

भारी बारिश के चलते मोहाली के जीरकपुर की गुलमोहर हाउसिंग सोसायटी में पानी भर गया। गाड़ियां डूब गईं। पहली मंजिल तक पानी भरने की वजह से लोगों को निकालने के लिए नाव का सहारा लेना पड़ा। लुधियाना के खन्ना में सतलुज किनारे फंसे 50 लोगों को बचा लिया गया है। रोपड़-नंगल रेल ट्रैक उखड़ गया है। बठिंडा में भी एनडीआरएफ तैनात कर दी गई है।



## जबलपुर के गोपालपुर घाट पर फंसे चारों युवकों का 12घंटे बाद रेस्क्यू

**जबलपुर, यशभारत।** सारी रात की मशक्कत के बाद एनडीआरएफ की टीम ने सेना की मदद से आज सुबह केवट परिवार के गढ़ा निवासी युवकों की जिंदगी रस्सी के सहारे बचा ली। सुरक्षित चारों केवट परिवार के युवकों को जो कि गढ़ा पुरवा निवासी थे और यहां पिकनिक मनाने आए थे। सकुशल निकाल लिया गया है उनके साथ पूरी टीम का एक ग्रुप फोटो भी ली। नर्मदा नदी के गोपालपुर घाट पर रविवार की शाम अचानक जलस्तर बढ़ने से चार युवक नदी के तेज बहाव में फंस गए। अच्छा यह रहा कि वे सभी चट्टानों पर खड़े रहे और जलस्तर उनके पैरों तक ही पहुंच पाया था। रविवार शाम 5 बजे से शुरू हुआ प्रशासन का रेस्क्यू सोमवार की सुबह 5 बजे पूरा हुआ। गढ़ा पुरवा निवासी मनीष पिता राजकुमार केवट 35 वर्ष, शुभम पिता जयशंकर केवट 26 वर्ष, संतोष पिता राजाराम केवट 38 वर्ष, अमित पिता विजय केवट 30 वर्ष मछली मारने के लिए भेड़ाघाट टापू में गए थे। भेड़ाघाट टापू में फंसे व्यक्तियों की जानकारी जब एडीजीपी उमेश जोगा, कलेक्टर सौरभ कुमार सुमन और पुलिस अधीक्षक टीके विद्यार्थी तक पहुंची तो इनके द्वारा पूरे अमले को सक्रिय कर दिया गया और सभी के प्रयास सफल रेस्क्यू कर सभी लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला जा सका। एडीजीपी उमेश जोगा लगातार मौके पर मौजूद एसपी और कलेक्टर से रेक्स्यू की जानकारी ले रहे थे। एसपी टीके विद्यार्थी ने कहा कि वाटर लेबल कम होते ही रेस्क्यू किया गया।

## » न्यूज गैलरी

### जम्मू-कश्मीर के डोडा में लगे भूकंप के झटके, रिक्टर पैमाने पर 4.9 तीव्रता

■ डोडा, एजेंसी।

जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में सोमवार सुबह 4.9 तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किए गए. राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र (एनसीएस) ने यह जानकारी दी. अधिकारियों ने बताया कि सुबह पांच बजकर 38 मिनट पर भूकंप आया, फिलहाल भूकंप से किसी तरह का नुकसान होने की खबरें नहीं हैं. एनसीएस ने बताया कि भूकंप का केंद्र डोडा क्षेत्र में जमीन से 10 किलोमीटर की गहराई में स्थित था. अधिकारियों के अनुसार, डोडा में इस साल जून से लेकर अब तक 12 बार भूकंप के झटके महसूस किए गए है, भूकंप की तीव्रता हर बार अलग-अलग रही है. जिले में 13 जून को 5.4 तीव्रता के भूकंप के कारण मकानों समेत कई इमारतों में दरारें पड़ गई थी.

### चांद पर 51 साल से नहीं उतरा कोई एस्ट्रोनॉट अब तक 12 लोग पहुंचे

■ नई दिल्ली, ईएमएस।

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान परिषद (इसरो) ने घोषणा की है कि चंद्रयान-3 की लॉन्चिंग 14 जुलाई को दोपहर 2.35 बजे की जाएगी। चंद्रमा की दक्षिणी ध्रुव पर पहली बार सॉफ्ट लैंडिंग की कोशिश की जाएगी। गौरतलब है कि चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर अभी तक किसी भी देश ने लैंडिंग नहीं की है। रूस, अमेरिका और चीन ने चांद के उत्तरी ध्रुव में सॉफ्ट लैंडिंग कराई है। चांद पर अब तक उतरे 12 लोग चांद की सतह पर अभी तक 12 लोगों ने कदम रखा है। चांद की सतह पर पहला कदम नील आर्मस्ट्रांग ने 20 जुलाई 1969 को रखा था। नील आर्मस्ट्रांग के साथ बज एल्ड्रिन भी गए थे। ऐसे में चांद की सतह पर दूसरा कदम रखने वाले व्यक्ति बज एल्ड्रिन थे। इन दो व्यक्ति का नाम तो दुनिया के अधिकांश लोग जानते हैं, लेकिन चांद पर अभी तक कुल 12 एस्ट्रोनॉट्स कदम रख चुके हैं।

### पश्चिम बंगाल के चार जिलों में री-पोलिंग जारी

■ कोलकाता, ईएमएस।

पश्चिम बंगाल पंचायत चुनाव के लिए सोमवार को उन स्थानों पर दोबारा मतदान करवाया जा रहा है, जहां हिंसा के कारण वोटिंग रद्द कर दी गई थी। राज्य चुनाव आयोग के मुताबिक, सोमवार को सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक 19 जिलों में फैले बूथों पर ताजा मतदान हो रहा है। कुल 697 बूथों पर दोबारा मतदान हो रहा है।सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। दक्षिण 24 परगना में एक मतदान केंद्र के बाहर एसडीपीओ दिबाकर दास ने बताया, च्उचित व्यवस्थाएं हैं। पंजाब पुलिस ने हमें 10 कांस्टेबल और एक अधिकारी दिया, और पश्चिम बंगाल पुलिस ने भी दिया। मेरे पास भी 52 कांस्टेबल और दो अधिकारियों का रिजर्व है। आज हमारे पास पर्याप्त तैनाती है।

### दिल्ली में कुत्ते के कान में छिपा था सुपरबग

■ नई दिल्ली, ईएमएस।

राजधानी दिल्ली में सड़कों पर घूमने वाला आवारा डॉग्स कुत्तों को लेकर अलर्ट करने वाली खबर है। शहर में इन कुत्तों के कानों में सुपरबग मिला है। यह सुपर बग एक तरह का फंगस है। इसकी पहचान कैंडिडा ऑरुस के रूप में हुई है। यह एक उभरता हुआ फंगस जो एक गंभीर ग्लोबल हेल्थ खतरा हो सकता है। महत्वपूर्ण बात है कि यह अधिकांश एंटी-फंगल दवाओं को चकमा दे सकता है। हालांकि, इस बात को सीधा सबूत नहीं मिला है जिससे यह साबित हो सके कि इस फंगस का संक्रमण कुत्तों से मनुष्यों में फैलता है या नहीं। कुत्तों के स्ट्रेन के संपूर्ण-जीनोम सिक्वेंस का भारत और बड़े दक्षिण एशियाई क्षेत्र में मनुष्यों के कुछ स्ट्रेन के साथ बहुत करीबी रिश्ते दिखाए गए हैं। यूएस सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन ने इस बारे में पहले ही सतर्क किया था। इसमें उभरते फंगस के बारे में चिंता व्यक्त की गई थी।

## लाड़ली बहनों को आज दूसरी किस्त सौंपेंगे मुख्यमंत्री

■ भोपाल, यशभारत।



मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की सवा करोड़ हितग्राहियों के बैंक खातों में सोमवार को दूसरी किस्त (एक हजार रुपये) जमा कराई जाएगी। इंदौर के सुपर कारिडोर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान सिंगल क्लिक से खातों में राशि जमा कराएंगे और लाड़ली बहना सेना की सदस्यों को शपथ भी दिलाएंगे। इस दौरान एक लाख लाड़ली बहनें मौजूद रहेंगी।मुख्यमंत्री चौहान सोमवार को एयरपोर्ट से लेकर गांधी नगर चौराहा होते हुए सुपर कारिडोर स्थित कार्यक्रम स्थल तक रोड शो में शामिल होंगे। इस दौरान लाड़ली बहनें स्वागत करेंगी। रोड शो के मार्ग में 11 मंच रहेंगे और 11 हजार लाड़ली बहनें लाठी के साथ सशक्तीकरण का प्रदर्शन करेंगी। कार्यक्रम के दौरान बहनों द्वारा मुख्यमंत्री चौहान को 101 फीट लंबी राखी भी भेंट की जाएगी।

## नौकरी लगवाने का झांसा, 70 लाख लेकर फरार

■ रायपुर, ईएमएस।




ग्रामीण युवाओं को मंत्रालय और एम्स-आंबेडकर अस्पताल में सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर 70 लाख रुपए ठगने का मामला सामने आया है। ठगी के शिकार बेरोजगारों की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने आरोपित के खिलाफ केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। सिविल लाइन थाना पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक खरोरा इलाके के ग्राम माठ निवासी ठेकेदार सुरेंद्र वर्मा (50) का अगस्त 2022 में राजातालाब,अमर चौक निवासी भूपेश कुमार सोनवानी से कलेक्टोरेट गार्डन में परिचय हुआ था। भूपेश ने दावा किया कि वह मंत्रालय, एम्स और आंबेडकर अस्पताल में सरकारी नौकरी लगवा देगा। उसका संबंधित विभाग के बड़े अधिकारियों से अच्छे संबंध हैं। इसके लिए लाखों रुपए खर्च करना होगा। सुरेंद्र उसकी बातों में आ गया। इसके बाद मंत्रालय में आपदा प्रबंधक के पद के लिए अपने बेटे लोकेंद्र वर्मा, रिश्तेदार बलराम वर्मा, लेबर निरीक्षक पद पर प्रदीप वर्मा, मानषु वर्मा को एम्स में नर्सिंग स्टाफ, दीपक वर्मा, दुर्गेश वर्मा को खाद्य निरीक्षक, मारूति नंदन वर्मा को आंबेडकर अस्पताल में प्यून और लक्की ऊर्फ लिकेश वर्मा और खुद आरोपित भूपेश सोनवानी ने स्वयं भर्ती के लिए फार्म लाकर भरवाया। आरोपित ने प्रबंधक के लिए 10 लाख 50 हजार, लेबर निरीक्षक के लिए आठ लाख, खाद्य निरीक्षक के लिए पांच लाख, नर्स के लिए चार लाख रुपए मांगा। इसके अलावा अन्य लोगों की नौकरी के लगवाने के लिए 29 अगस्त 2022 को सुरेंद्र ने 30 लाख 50 हजार रुपए भूपेश को दिया। काम होने पर 40 लाख रुपए और देना तय हुआ। भूपेश ने शैलेश कुमार दुबे से 12 लाख, अमित रक्सेल से ढाई लाख,मनोज तिवारी से 2.20 लाख, रोहणी यादव से 2.5 लाख, खिलेश जांगड़े से 20 हजार, विवेक वर्मा से दो लाख, विकास वर्मा से दो लाख सहित अन्य लोगों से कुल 70 लाख 10 हजार रुपए ठग लिए।

## वैष्णो देवी की यात्रा :कैमरा लैपटॉप और टैबलेट बैन

■ श्रीनगर, एजेंसी।

अब वैष्णो माता की यात्रा के दौरान कैमरा, लैपटॉप और टैब ले जाने पर पूरी तरह से बैन लगा दिया गया है. इन सभी चीजों को कटड़ा में ही जमा करवाना होगा. इसको लेकर श्राइन बोर्ड प्रशासन ने एसओपी जारी कर दिया है. हालांकि मोबाइल फोन ले जाने पर किसी तरह का कोई प्रतिबंध नहीं लगाया गया है. श्राइन बोर्ड प्रशासन का कहना है कि मोबाइल फोन से श्रद्धालु अपने स्वजन से संपर्क में रहते हैं. इस संबंध में माता का दर्शन करने आ रहे श्रद्धालुओं को जागरूक करने के लिए कटड़ा में स्थापित सूचना केंद्र से अनाउंसमेंट की जा रही है और जगह-जगह साइन बोर्ड भी लगाए गए हैं.



सुरक्षा कारणों के चलते प्रशासन द्वारा यह फैसला लिया गया है. क्योंकि वैष्णो देवी भवन और यात्रा राष्ट्र विरोधी तत्वों के निशाने पर है. बता दें कि देशभर से आने वाले श्रद्धालुओं को अपना वीडियो कैमरा, डिजिटल कैमरा, लैपटॉप, टैब आदि जैसे उपकरण कटड़ा में ही पर्यटन विभाग या श्राइन बोर्ड के क्लाक रूम में जमा करवाना होगा।

## बाइक से कश्मीर-लद्दाख जाना चाहता हूं:राहुल गांधी

### सिक्योरिटी के कारण संभव नहीं, शादी के सवाल पर कहा- देखते हैं

■ नई दिल्ली, एजेंसी।



राहुल गांधी बाइक से जम्मू-कश्मीर, लद्दाख की यात्रा करना चाहते हैं। उनके पास च्ञ्जरू90 बाइक है, लेकिन वो पड़ी है, क्योंकि सिक्योरिटी वाले चलाने नहीं देते। वे चिट्ठी लिखना शुरू कर देते हैं। यह बातें राहुल ने 27 जून को दिल्ली के करोल बाग में बाइक मैकेनिकों से कही थीं। रविवार को इस बातचीत का वीडियो राहुल ने यू-ट्यूब पर शेयर किया। 12 मिनट के इस वीडियो में उनकी करोल बाग की पूरी विजिट है। इसमें वे मैकेनिकों के सवालों के जवाब देते दिखाई दे रहे हैं। एक मैकेनिक ने उनसे पूछा- आप शादी कब कर रहे हैं? तो राहुल ने मुस्कुराते हुए कहा, देखते हैं...। इसके बाद राहुल गांधी बुलेट एक्सेसरीज की दुकान पर गए। वहां पर उन्होंने करीब 40 मिनट बिताए। राहुल गांधी ने चाय बिस्किट मंगाए। आर्मी वाली पेंट और बुलेट के बारे में जानकारी ली। वहीं, दुकान के मैकेनिक विक्की से पूछा कि शादी हुई? तो विक्की ने कहा कि आप करोगे तब कर लेंगे....। राहुल ने यहां गाड़ी की सर्विस के बारे में जानकारी ली।राहुल ने बाइक की सर्विस भी की। इसके बाद मैकेनिक से बात करते हुए कहा कि जो मैकेनिक नहीं हैं, जो गाड़ी का काम नहीं करता, उसको ये नहीं मालूम होता कि गाड़ी को ठीक होने में क्या लगता है।

### महाराष्ट्र में आयाराम-गयाराम का खेल,

## कभी शरद तो कभी अजित... विधायक ने 5 दिन में 3 बार बदला पाला

■ कोल्हापुर, एजेंसी।

महाराष्ट्र में एक बार फिर से आयाराम-गयाराम की राजनीति जोर पकड़ती दिखाई देने लगी है. गठबंधन सरकार की कैबिनेट में जगह बनाने और दूसरे फायदों के लिए विधायकों के रातोरात पाला बदलने की खबरें जमकर सुर्खियां बटोरने लगी हैं. ऐसे ही एक घटना में सतारा की वाई सीट से एनसीपी विधायक मकरंद जाधव-पाटिल एक बार फिर से नए डिप्टी सीएम अजीत पवार के खेमे में शामिल हो गए. महज एक हफ्ते से भी कम समय में उन्हें तीसरी बार पाला बदलते देखा गया है. जाधव-पाटिल पहले तो अजित पवार के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए थे, लेकिन अगले ही दिन उन्होंने सतारा में शरद पवार का स्वागत किया और कराड यात्रा पर उनके साथ गए। एक अंग्रेजी दैनिक की एक रिपोर्ट के मुताबकि अपने भतीजे अजित पवार की बगावत के बाद पार्टी को बचाने के लिए शरद पवार खुद मैदान में उतरे और कराड यात्रा में मकरंद जाधव-पाटिल को उनके साथ देखा गया।

## बकरी चोरी के आरोप में पंचायत ने दी तालिबानी सजा

### युवक का सिर मुंडवाया, कालिख पोतकर निकाला जुलूस

■ मुजफ्फरपुर, एजेंसी।

बिहार के मुजफ्फरपुर जिले से मानवता को शर्मसार करनेवाली एक घटना सामने आई है। यहां के शिवदहा बरैल गांव में बकरी और साइकिल चोरी के आरोप में एक शख्स की हाथ-पैर बांधकर जमकर पिटाई की गई। गांववालों इसके बाद उसका सिर मुंडवाया, चेहरे पर कालिख पोती और जूते-चप्पलों की माला पहनाकर पूरे गांव में जुलूस निकाला। खास बात ये है कि इस शख्स को ये सजा भीड़ ने नहीं, बल्कि गांव के पंचायत ने सुनाई। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पीड़ित की पहचान 30 वर्षीय मनोज कुमार के तौर पर हुई है। आरोपों के मुताबिक मनोज, शनिवार की रात गांव के एक घर से बकरी और साइकिल चोरी कर रहा था। इसी दौरान घरवाले जाग गए और उसे रंगेहाथ पक? लिया। शोरगुल सुनकर ग्रामीण इकट्ठा हो गये और रात में ही उसकी जमकर पिटाई की। अगले दिन दोपहर को उसे सजा देने के लिए पंचायत बैठी और पुलिस को सौंपने के बजाए पंचायत ने उसे अपनी सजा सुनाई। पंचायत ने सजा सुनाई कि चोरी के मामले आरोपी मनोज के सिर के बाल, दाढ़ी-मूंछ मुंडवाकर, चेहरे पर कालिख पोत, चूना का टीका लगाया जाए और फिर जूते-चप्पल की माला पहनाकर पूरे गांव में घुमाया जाए। पंचायत के फैसले के बाद ग्रामीणों ने ऐसा ही किया और चप्पल-जूते की माला पहना कर पूरे गांव में घुमाया। इसी दौरान, किसी ने घटना का वीडियो बना लिया और उसे इंटरनेट पर वायरल कर दिया।

#### जांच कर रही है पुलिस

वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने मामले का संज्ञान लिया और जांच की जा रही है। गायघाट के थानाध्यक्ष मोनू कुमार ने बताया कि पीड़ति युवक के स्वजनों को आवेदन देने के लिए कहा गया है। आवेदन मिलने के बाद प्राथमिकी दर्ज की जाएगी। फिर जांच के बाद इस मामले में दोषी पाए जाने वालों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## टमाटर की सुरक्षा के लिए दुकानदार ने बाउंसर तैनात किए

■ वाराण्सी, एजेंसी।

उत्तर प्रदेश के वाराणसी में बढ़ते टमाटर के दाम को लेकर एक अलग तरीके का मामला देखने को मिला है, यहां एक सब्जी विक्रेता ने टमाटर की सुरक्षा के लिए अपनी दुकान के आगे दो बाउंसर तैनात कर दिए. सब्जी विक्रेता ने बताया कि टमाटर काफी महंगा बिक रहा है. इस दौरान कई बार लोगों में मारपीट भी हो जाती है. इसी को देखते हुए उन्होंने अपनी दुकान पर टमाटर की सुरक्षा के लिए बाउंसर रखे हैं.

### टमाटर को मिले 5+ सिक्योरिटी

टमाटर के बढ़ते दाम ने आम जनता की नाक में दम कर रखा है. इसको लेकर मंडी और बाजारों में हाहाकार मचा हुआ है. किसी ने सोचा नहीं हिगा कि टमाटर की कीमत इतनी बढ़ जाएगी कि उसकी सुरक्षा में दुकानदारों को बाउंसर तैनात करने पड़ेंगे. ऐसा ही एक मामला सामने आया है उत्तर प्रदेश के वाराणसी से, जहां एक सब्जी विक्रेता ने अपनी दुकान पर बाउंसर इसलिए तैनात कर दिए क्योंकि वो ग्राहकों को महंगे टमाटर से दूर रखें।



### अखिलेश यादव ने ले ली चुटकी

सब्जी विक्रेता से महंगे टमाटर के भाव बताने को लेकर एक ग्राहक उससे बहस करता नजर आ रहा है. दुकानदार से बहस करने का वीडियो सामने आया है, जिसे समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने भी शेयर किया है. अखिलेश यादव ने इसके जरिए बीजेपी सरकार से मांग की है कि वह टमाटर को जेड श्रेणी की सुरक्षा दे।

### 150 के पार टमाटर

आपको बता दें कि आजकल बाजारों में टमाटर की कीमत आसमान छू रही है. रोजाना लोगों के खाने में इस्तेमाल होने वाला टमाटर घर की रसोई में से गायब हो गया है. इन दिनों टमाटर का भाव 150 से भी अधिक है. ऐसे में वाराणसी में सब्जी विक्रेता अजय फौजी का अपनी दुकान पर दो बाउंसर को तैनात करना चर्चा का विषय बना हुआ है. इन बाउंसर का वीडियो सामने आया है. यह बाउंसर दुकान की ओर बढ़ रहे ग्राहक को रोक देते हैं और उसको टमाटर को न छूने व दूर से देखने के लिए कहते हैं.।

## रास नहीं आया पति का बंटवारा, पहली बीवी ने शौहर को चाकू से गोद डाला

■ छपरा, एजेंसी।

बिहार में दो बीवियों के पति की पहली पत्नी ने जान ले ली। छपरा में दिल दहला देने वाली घटना में पत्नी ने पति की चाकू से गोदकर हत्या कर दी। मामला छपरा जिले के भेल्दी थाना क्षेत्र के बेदवलिया गांव का है। मृत युवक भेल्दी थाना क्षेत्र के बेदवलिया गांव का ही निवासी ईशा अंसारी का 45 वर्षीय पुत्र आलमगीर अंसारी बताया गया है। हत्या का आरोप उसकी पत्नी सलमा खातुन पर लगा है जिसे पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है। युवक की मौत स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र से पीएमसीएच रेफर किए जाने के दौरान रास्ते में हुई। घटना के संबंध में बताया जाता है कि आलमगीर अंसारी ने दो शादियां की थीं। मृतक के भाई वसीम अंसारी ने बताया कि पहली पत्नी सलमा खातून है जिससे दो बच्चे हैं। जबकि दूसरी पत्नी के रूप में उसके ने अमीना खातून से शादी की।दोनों पत्नियां एक ही घर में रहती थीं। रविवार को किसी बात को लेकर पहली पत्नी से उसका झगड़ा हुआ और बात बात में पहली पत्नी इतनी आक्रोशित हो गई कि घर में रखे खंजर निकालकर पति के ऊपर ताबड़तोड़ हमला कर दिया, इससे आलमगीर जख्मी हो गया।

## 15 अगस्त तक एक लाख सरकारी पदों पर हो जायेगी भर्ती

# महिलाओं, युवाओं, किसानों के जीवन में खुशहाली लाएंगे - मुख्यमंत्री

■ भोपाल, यशभारत।

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि महिलाओं, युवाओं और किसानों के जीवन में खुशहाली लाना ही हमारा मकसद है। ला?ली बहना योजना में धीर-धीरे बहनों को एक हजार रूपए से ब?ाकर तीन हजार रूपए तक की राशि हर माह उपलब्ध कराई जायेगी। प्रदेश में 15 अगस्त तक एक लाख लोगों को शासकीय नौकरी में भर्ती किया जायेगा। इसके बाद और 50 हजार युवाओं को शासकीय नौकरी उपलब्ध कराई जायेगी। मुख्यमंत्री चौहान ने शनिवार को गुना जिले के राघौगढ़ में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना सम्मेलन में यह बात कही। कार्यक्रम में केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, प्रदेश के ऊर्जा मंत्री एवं गुना जिले के प्रभारी मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री महेन्द्र सिंह सिसोदिया, सहित जन-प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में लाड़ली बहनें शामिल हुईं।

मुख्यमंत्री चौहान एवं केन्द्रीय मंत्री सिंधिया की उपस्थिति में 134 करो? 12 लाख के विकास कार्यों का ई-लोकार्पण एवं भूमि-पूजन किया गया।



मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि प्रत्येक माह की 10 तारीख को लाड़ली बहनों के खाते में पैसे डालने का कार्य सरकार कर रही है। आने वाली 10 तारीख को पुन~ बहनों के खाते में राशि डाली जाएगी। प्रतिवर्ष सरकार 15 हजार करो? रूपए की राशि बहनों के खातों में डालेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि 10 तारीख को ही यह घोषित किया जायेगा कि अब 21 वर्ष की बहनें भी लाड़ली बहना में शामिल होंगी। साथ ही जिन बहनों के परिवार में ट्रेक्टर है, उन्हें भी इस योजना का लाभ दिया जायेगा।

मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि राघौगढ़ के विकास में सरकार कोई कोर-कसर नहीं छोड़ेगी। वर्ष 2003 से पूर्व राघौगढ़ में न सड़क थी, न बिजली और न ही पीने का पानी था। सड़कों की हालत भी बहुत ही खराब थी। 2003 के बाद हमने यहाँ विकास के अनेक कार्य किए हैं और विकास की गति को हम रूकने नहीं देंगे।

### - देश-प्रदेश में बेटियाँ बन रही हैं सशक्त - केन्द्रीय मंत्री सिंधिया

केन्द्रीय मंत्री सिंधिया ने कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार ने महिला शक्ति को आगे बढ़ाने का काम किया है, जिससे नारी शक्ति अपनी प्रगति का मार्ग स्वयं तय कर सकती है। देश-प्रदेश में बेटियाँ अब बोझ नहीं रही हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू किए गए बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम तथा मुख्यमंत्री चौहान द्वारा शुरू की गई लाड़ली लक्ष्मी, लाड़ली बहना एवं मुख्यमंत्री कन्या विवाह-निकाह योजना ने इसमें महती भूमिका निभाई है। महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में मध्यप्रदेश में जो कार्य हुआ है वह देश में अनुकरणीय है।सिंधिया ने कहा कि राघौगढ़ क्षेत्र में वर्ष 2003 से पहले अनेक समस्याएँ थीं, लोगों को मूलभूत सुविधाओं के लिये भी परेशान होना पड़ रहा था। वर्ष 2003 के बाद विकास के द्वार खुले और लोगों को बेहतर सुविधाएँ मिल रही हैं।सांसद रोडमल नागर ने कहा कि केन्द्र के और प्रदेश सरकार आम जन के उत्थान जो कार्य अनुकरणीय हैं। मुख्यमंत्री चौहान ने महिला सशक्तिकरण की दिशा में जो ऐतिहासिक काम किया है, उसकी जितनी प्रशंसा की जाए उतनी कम है।- सरिता के परिवार को प्रतिमाह मिल रहे हैं 13 हजार रूपएराघौगढ़ निवासी श्रीमती सरिता ने मंच पर आकर बताया कि वह स्व-सहायता समूह की सदस्य है और संयुक्त परिवार में रहती है।

## गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए 10 जुलाई को 21 स्वास्थ्य संस्थाओं में जांच

**भोपाल (ईएमएस)।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अंतर्गत हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए 10 जुलाई को जांच एवं परामर्श शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इन शिविरों में द्वितीय एवं तृतीय तिमाही वाली हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की जांच की जाएगी। यह शिविर प्रत्येक माह की 9 तारीख को आयोजित किए जाते हैं। जुलाई माह की 9 तारीख को अवकाश होने के कारण 10 जुलाई को शिविरों का आयोजन किया जाएगा। भोपाल जिले की 21 स्वास्थ्य संस्थाओं में शिविर आयोजित किए जाएंगे । विगत माह सिविल अस्पताल डॉ. कैलाश नाथ काटजू में आयोजित शिविर में महामहिम राज्यपाल द्वारा प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान से लाभान्वित हितग्राही महिलाओं से संवाद किया गया था । इस दौरान राज्यपाल द्वारा इस अभियान के आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त की गई थी।




## नगर निगम अतिक्रमण दस्ता पहुंचा शासकीय स्कूल तोड़ने

भोपाल,यशभारत। मध्यप्रदेश अधिकारी कर्मचारी संयुक्त संगठन के जिला अध्यक्ष दिलीप सिंह ठाकुर द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार संस्कारधानी जबलपुर के डॉ ज़ाकिर हुसैन वार्ड में एक ही स्थान में सटकर तीन अलग-अलग एकीकृत माध्यमिक शालाएं संचालित हो रही है 1.एकीकृत शासकीय उर्दू कन्या माध्यमिक शाला गोहलपुर 2.एकीकृत शासकीय उर्दू बालक माध्यमिक शाला गोहलपुर 3. एकीकृत शासकीय हिन्दी माध्यमिक शाला गोहलपुर, जिनमें लगभग 750 छात्र-छात्राऐं अध्ययनरत हैं। जिसमें नई शिक्षा नीति के तहत खेल मैदान आदि की जगह शाला भवन निर्माण करते वक्त तय जगह से पहले ही कम कर दीं गई है। भविष्य में हाई/हायर सेकंडरी स्कूल भी बन सकता है। यहां -वहां शाला कैंपस के पास अतिक्रमण भी देखा जा सकता है।मध्यप्रदेश अधिकारी कर्मचारी संयुक्त संगठन के जिला अध्यक्ष दिलीप सिंह ठाकुर के अनुसार एकीकृत शासकीय उर्दू कन्या माध्यमिक शाला में संजीवनी स्वास्थ्य केंद्र हेतु शाला परिसर में बिना किसी शाला प्रबंधन समिति की स्वीकृति/ सहमति के चयन कर नगर निगम अतिक्रमण दस्ता तोड़फोड़ करने पंहुच गया। आस-पास के नागरिकों द्वारा विरोध दर्ज करने पर तोड़फोड़ की कार्रवाई दो दिन के लिए रोक दी गई है।

## सुश्री उमा दीदी के व्यक्तित्व विकास में स्व. श्री लोधी का योगदान महत्वपूर्ण - मुख्यमंत्री चौहान

भोपाल (ईएमएस)। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि स्व. स्वामी प्रसाद लोधी जनता के हित में मेहनत, ईमानदारी और संकल्प शक्ति के साथ कार्य करते रहे। वे जीवन के हर क्षण का सदुपयोग करते थे। उनकी स्मृतियां अनेक हैं। इन स्मृतियों से उनकी उपस्थिति हमारे बीच हमेशा सजीव बनी रहेगी। मुख्यमंत्री चौहान आज रवीन्द्र भवन में बुंदेलखंड के गौरव स्व. लोधी के पुण्य-स्मरण दिवस कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने स्व. लोधी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया।मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि सुश्री उमा दीदी को आगे बढ़ाने और उनके व्यक्तित्व के विकास में स्व. श्री लोधी का महत्वपूर्ण योगदान है। दीदी ने भाई साहब की अंतिम वर्षों में जो सेवा की वह अद्भुत है। सुश्री उमा दीदी उनके सामने आती थी तो उनके चेहरे पर झलकने वाली प्रसन्नता सहज ही देखी जा सकती थी।

**- मुख्यमंत्री ने बुंदेलखंड के गौरव स्व. लोधी के पुण्य-स्मरण दिवस कार्यक्रम में दी श्रद्धांजलि**

सुश्री उमा दीदी अनंत शक्तियों का भंडार हैं

मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि सुश्री उमा दीदी अनंत शक्तियों का भंडार हैं। वे जनहित में जान हथेली पर रखकर संघर्ष करती हैं। मैं उनके साथ बचपन से काम कर रहा हूँ। देश और प्रदेश की राजनीति में उनका अमूल्य योगदान है। उन्होंने कई विकास कार्यों की नींव रखी। स्व. लोधी ने उसी तरह उमा दीदी का ध्यान रखा, जैसे पिता-पुत्री का ध्यान रखता है।

## अद्भुत थी निर्मला जी की प्रशासनिक दक्षता - शिवराज

■ भोपाल, यशभारत।

पूर्व आइएएस अधिकारी निर्मला बुच का रविवार को 88 साल की उम्र में निधन हो गया। वह कैंसर से पीड़ित थीं और बीते कुछ समय से अस्वस्थ चल रही थीं। वह 1960 बैच की आइएएस अधिकारी थीं और 1990 से 1992 तक तत्कालीन मुख्यमंत्री सुंदरलाल पटवा की सरकार में मध्य प्रदेश की मुख्य सचिव रहीं। उनके पति स्व महेश नीलकंठ बुच भी मध्य प्रदेश कैडर के आइएएस थे, जिन्होंने प्रशासनिक क्षेत्र में कई उल्लेखनीय कार्य किए थे। सोमवार को भोपाल में निर्मला बुच का अंतिम संस्कार किया गया। निर्मला बुच के निधन पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शोक व्यक्त किया है। उन्होंने ट्वीट करते हुए लिखा कि मध्यप्रदेश की पूर्व मुख्य सचिव श्रीमती निर्मला बुच जी के निधन के समाचार से मन दुःखी है। उनकी कर्तव्यनिष्ठा और प्रशासनिक दक्षता अद्भुत थी। मैं ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोकाकुल परिजनों को इस दुःख को सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना करता हूं। दुःख की इस घड़ी में मेरी संवेदनाएं परिजनों के साथ हैं।



### सीएम ने पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित

×मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज भोपाल की अरेरा कॉलोनी पहुंचकर मध्यप्रदेश की पहली महिला आईएएस और अब तक की पहली महिला मुख्य सचिव श्रीमती निर्मला बुच की पार्थिव देह पर पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

### सामाजिक जीवन में उनका योगदान अविस्मरणीय - कमल नाथ

कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ ने भी बुच के निधन पर ट्वीट के जरिए श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश की पूर्व मुख्य सचिव एवं कर्मठ समाजसेवी श्रीमती निर्मला बुच के निधन का दुखद समाचार प्राप्त हुआ। ईश्वर उनकी आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दे और परिवार को यह दुख सहन करने की शक्ति दे।मध्यप्रदेश के सामाजिक जीवन में श्रीमती बुच का योगदान सदैव अविस्मरणीय रहेगा। विनम्र श्रद्धांजलि।गौरतलब है कि प्रशासनिक सेवा में रहते हुए निर्मला बुच ने सभी प्रमुख पदों पर काम किया। वे वित्त और शिक्षा विभाग की सचिव रहीं। केंद्रीय योजना आयोग में उन्होंने सलाहकार के रूप में अपनी सेवाएं दी थी। महिला सशक्तीकरण के लिए सरकार और गैर सरकारी संगठनों के साथ मिलकर काम किया। उनके द्वारा महिला चेतना मंच का संचालन भी किया जा रहा था।

## श्मशान के रास्ते में पसरा कीचड़, ग्रामीणों ने मुश्किल से निकाली शव यात्रा

भोपाल , यशभारत। भोपाल प्रदेश की राजधानी है, लेकिन यहां की ग्राम पंचायतों में ही सड़कों के हाल बदहाल हैं। वर्षा के दौरान बदहाल सड़कों ने ग्रामीणों का आवागमन और भी मुश्किल कर दिया है। आलम यह है कि उनके लिए श्मशान घाट तक पहुंचने के लिए तक रास्ता नहीं बनाया गया है। इस वजह से शव यात्रा निकालने के लिए भी ग्रामीणों को कीचड़ से होकर जाना पड़ रहा है। ऐसा ही मामला ग्राम पंचायत ईटखेड़ी छाप के गांव लखापुर में सामने आया है। यहां एक व्यक्ति की मौत होने के बाद अंतिम क्रिया के लिए उसके शव को श्मशान तक ले जाने के लिए स्वजन और ग्रामीणों को काफी मशक्कत करनी पड़ी। इसका वीडियो इंटरनेट मीडिया पर वायरल हो रहा है।जानकारी के अनुसार गांव लखापुर निवासी भैंरोसिंह लंबे समय से गंभीर बीमारी से पीड़ित चल रहे थे। इससे उनका उपचार एक अस्पताल में चल रहा था, जहां उनकी शनिवार सुबह मौत हो गई। स्वजन उनके शव को घर लाए और यहां से शव को श्मशान तक ले जाने के लिए यात्रा निकाली गई, लेकिन यह इतना आसान नहीं था। दरअसल गांव में श्मशान तक पहुंचने के लिए पक्की सड़क का निर्माण नहीं कराया गया है। कच्चा रास्ता होने से वर्षा के दौरान कीचड़ हो गया, जिससे स्वजन और ग्रामीण शव को एक घंटे से अधिक की मशक्कत के बाद श्मशान घाट तक लेकर पहुंच पाए। इसके बाद शव का अंतिम संस्कार किया गया।



## आपत्तिजनक पोस्ट के खिलाफ थाने पहुंचे भाजपा नेता

### लोकेश मुंजालदा, प्रकाश राज और तान्या घोष के खिलाफ केस दर्ज करने की मांग

भोपाल (ईएमएस)। बीते कुछ दिनों से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) व भाजपा के आपत्तिजनक फोटो सोशल मीडिया पर पोस्ट किए जा रहे हैं। इसी विरोध में भोपाल के हबीवगंज थाने में भाजपा विधि प्रकोष्ठ ने संघ व भाजपा के आपत्तिजनक फोटो पोस्ट करने पर लोकेश मुजालदा, प्रकाश राज व तान्या घोष के खिलाफ एफआईआर की मांग की है। इससे पहले हबीबगंज थाने में बीते शुक्रवार को यूपी में का बा फेम भोजपुरी गायिका नेहा राठौर के खिलाफ एफआईआर दर्ज हुई है। उन्होंने अपने ट्विटर से सीधी के पेशाब कांड पर एमपी में का बा कमिंग सून टाइटल से इंटरनेट मीडिया पर पोस्ट की थी। इसमें आरोपित प्रवेश शुक्ला को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के गणवेश में दिखाया था। इस मामले में भाजपा विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक अशोक विश्वकर्मा ने बताया कि मुंबई में रहने वाले कलाकार लोकेश मुंजालदा, प्रकाश राज और तान्या घोष ने ट्विटर एकाउंट से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, भाजपा और भारत वर्ष को लेकर एक अभ्रद चित्र बहुप्रसारित किया है। यह गंभीर अपराध की श्रेणी में आता है। संघ की वेशभूषा के साथ चित्र बहुप्रसारित करना निश्चित ही संघ, भाजपा और भारत वर्ष की छवि को धूमिल करने की साजिश है। ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होना चाहिए।




### अविवाहित बहनों को भी मिल सकते हैं अब एक हजार रुपये

भोपाल (ईएमएस)। प्रदेश सरकार लाडली बहना योजना में अब अविवाहित बहनों को भी शामिल करने पर गंभीरता से विचार कर रही है। अविवाहित बहनों को हर महीने एक हजार रुपए मिल सकते हैं। राज्य सरकार लाड़ली बहना योजना में 21 से 22 वर्ष आयुवर्ग की अविवाहित बहनों को भी शामिल करने पर गंभीरता से विचार कर रही है। दरअसल, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने 21 वर्ष आयु की बहनों को भी योजना का लाभ देने की घोषणा की है।

## एनीमिया से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी

भोपाल(ईएमएस)। एनीमिया की जाँच को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने सलाह दी है कि रक्ताल्पता या एनीमिया की सही समय पर जांच न हो तो इसके गंभीर परिणाम हो सकते हैं। गर्भावस्था में तो एनीमिया के कारण गर्भवती महिला की जान को खतरा भी हो सकता है इसलिए सही समय पर खून की जांच करायें और उसका उपचार करायें। सलाह में बताया कि गर्भवती मातायें अपनी हीमोग्लोबिन जांच के साथ-साथ खान-पान का विशेष ध्यान रखें।स्वास्थ्य विभाग ने गर्भावस्था के दौरान एनीमिया होने पर महिलाओं को विशेष सावधानी बरतें। यदि किसी महिला में खून की कमी है तो उसे आयरन की गोली दी जाती है। गर्भवती महिला को समय से भोजन करना चाहिए और साथ में फल, हरी सब्जियां, दालें व पोषक तत्व युक्त आहार लेना जरूरी है, जिससे रक्त की कमी न हो और स्वास्थ्य अच्छा बना रहे। एनीमिया की पहचान हीमोग्लोबिन लेवल जांच करने के बाद की जाती है। हीमोग्लोबिन लेबल 12 ग्राम से ज्यादा है तो एनीमिया नहीं माना जाता।

## घर में घुसकर नवविवाहिता से युवक ने किया दुष्कर्म, प्रकरण दर्ज

**भोपाल, यशभारत। कटारा हिल्स इलाके में स्थित पार्थ सिटी कालोनी के पास एक फार्म हाउस में एक 21 वर्षीय नवविवाहिता से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोपित ने महिला को अकेला पाकर यह वारदात की। बाद में आरोपित फरार हो गया।**



पुलिस ने पीड़ित महिला की शिकायत पर एफआइआर दर्ज कर आरोपित की तलाश शुरू कर दी है।कटारा हिल्स थाना प्रभारी भान सिंह ने बताया कि डिंडौरी से महिला अपने पति के साथ भोपाल आई थी। कुछ माह पहले ही उन दोनों की शादी हुई है। उसका पति निजी काम करता है। पार्थ सिटी कालोनी के एक खाली भूखंड पर दो कमरों में महिला अपने पति के साथ रह रही थी। शनिवार को महिला का पति घर से अपने काम के लिए निकल गया था। घर पर उसकी नवविवाहिता पत्नी अकेली थी। उसी दौरान कबाड़ बीनने का काम करने वाला सुनील नामक एक युवक उसके घर में घुस आया। महिला को घर में अकेला पाकर आरोपित की नीयत खराब हो गई और उसने महिला के साथ जबरन दुष्कर्म किया, साथ ही धमकी भी दी कि इसके बारे में किसी को कुछ बताया तो जान से मार देगा। बाद में जब महिला का पति घर लौटा तो उसने पूरा घटनाक्रम अपने पति को बताया। बाद में महिला ने अपने पति के साथ जाकर थाने में एफआइआर दर्ज कराई है।

### आरोपित की कटारा हिल्स से गांधीनगर तक तलाश

आरोपित की गिरफ्तारी के लिए कटारा हिल्स थाने की दो पुलिस टीमें लगी हुई है। एक टीम कटारा हिल्स के इलाके में उसकी तलाश कर रही है। जबकि दूसरी टीम गांधीनगर में उसके होने की आशंका में तलाश में लगी है। पुलिस के आला अधिकारियों ने थाना प्रभारी को आरोपित को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने के निर्देश दिए हैं।

# सीएम हाउस में भाजपा की टिफिन पार्टी

### शिवराज बोले-सभी अंचलों के पकवानों का स्वाद मिला



**भोपाल, यशभारत।** मप्र में शनिवार कोएक अनोखा आयोजन हुआ। यहां कैबिनेट बैठक के बाद सीएम हाउस में भाजपा की टिफिन पार्टी हुई। इसमें सभी मंत्रियों ने उत्साह से भागेदारी की। पार्टी के बाद सीएम शिवराज बोले कि इस अवसर पर हमें सभी अंचलों के पकवानों का स्वाद मिला। उन्होंने मजाक के मूड में यह भी कहा कि हमने इतना खाया कि उठाने के लिए एक आदमी को बुलाना पड़ा।मध्य प्रदेश की 15वीं विधानसभा के 11 जुलाई से शुरू होने वाले मानसून एवं अंतिम सत्र की तैयारी को लेकर शनिवार को मुख्यमंत्री आवास में बुलाई गई कैबिनेट बैठक के बाद मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और मंत्रियों ने टिफिन पार्टी की। मुख्यमंत्री के घर से आई कढ़ी व ज्वार-बाजरे की रोटी और वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा के घर से आई लपसी ने सभी का दिल जीत लिया।नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री ओपीएस भदोरिया ने भिंड के पेड़े खिलाकर सभी का मुंह मीठा कराया। मुख्यमंत्री और मंत्रियों ने ठेठ देहाती अंदाज में जमीन पर बैठकर भोजन किया। मुख्यमंत्री की पत्नी साधना सिंह के साथ मंत्रियों ने भी अपनी-अपनी टिफिन से पास बैठे दूसरे साथी को भोजन परोसा। पार्टी में आठ मंत्रियों की पत्नी भी शामिल हुई।इसके पहले कैबिनेट ने 20 हजार करोड़ रुपये के प्रथम अनुपूरक बजट का प्रस्ताव अनुमोदित किया और लाड़ली बहना योजना के लिए पांच हजार करोड़ रुपये अतिरिक्त स्वीकृति दी।

## अत्याचार बढ़े, सरकार अभिनय में व्यस्त : कमलनाथ

### पूर्व सीएम ने ट्वीट कर राज्य सरकार पर निशाना साधा

■ भोपाल, यशभारत।

प्रदेश के सीधी जिले में आदिवासी युवक के साथ हुई अमानवीय घटना को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने ट्वीट कर राज्य सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि राज्य में अत्याचार की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं और सरकार अभिनय में व्यस्त है। प्रदेश से हर दिन अमानवीय और नागरिकों को सताए जाने की घटनाएं सामने आ रही हैं। ये घटनाएं भी अगर शिवराज सरकार की आंखें नहीं खोल सकतीं तो आखिर कौन सा अत्याचार देखने के बाद इनकी आत्मा जागेगी। मध्य प्रदेश में घटित हो रही घटनाओं को लेकर कमलनाथ ने ट्वीट कर कहा कि अनुसूचित जाति, जनजाति, अल्पसंख्यक और महिलाओं पर अत्याचार हो रहा है और सरकार केवल लीपापोती और अभिनय में व्यस्त है। हमें इस हालात को बदलना है और सुखी-समृद्ध मध्य प्रदेश बनाना है, जहां बेटियां और सभी समाज सुरक्षित हों। प्रदेश से हर दिन अमानवीय अत्याचार और नागरिकों को सताए जाने की घटनाएं सामने आ रही हैं। विदिशा में कल एक व्यक्ति ने आत्महत्या कर ली। इससे पहले उनकी बेटी ने छेड़छाड़ से त्रस्त होकर आत्महत्या कर ली थी। यह कितनी बड़ी विडंबना है कि एक बेटी छेड़छाड़ से दुखी होकर आत्महत्या कर लेती है! नाथ ने विदिशा की घटना पर ध्यान केंद्रित करते हुए कहा कि वहां एक बेटी छेड़छाड़ से तंग आकर पहले आत्महत्या करती है और फिर न्याय नहीं मिलने से दुखी उसके पिता को भी आत्महत्या करनी पड़ती है। डबरा में अल्पसंख्यक समुदाय के युवक पर अत्याचार का वीडियो सामने आया है।



## गाय, भैसों में अब बछिया-पडिया ही पैदा होगी

भोपाल(ईएमएस)। पशुपालन विभाग ने बताया है कि गाय भैंसों में कृत्रिम गर्भाधान सेक्स सोर्टेड सीमन द्वारा गर्भित किया जाएगा। जिसके फलस्वरूप 90 प्रतिशत बछिया-पडिया ही पैदा होगी। सेक्स सोर्टेड सीमन का शुल्क सामान्य वर्ग के लिये 450 रूपये तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के लिए 400 रूपये रहेगा।विभाग ने बताया कि गाय में जर्सी, गिर, साहीवाल एवं भैंस में मुर्रा नस्ल का सीमन सभी विकासखण्ड मुख्यालयों में पशु चिकित्सालयों में उपलब्ध है। पशु पालक जो पशु चिकित्सालय एवं पशु औषधालय से 03 कि.मी. की दूरी पर निवास करते है। वे कॉल करके घर पहुंच सेवा (150 रूपये शुल्क) का लाभ ले सकते है। पशुपालकों से आग्रह किया है।

## मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना में अब तक 1,17,480 युवा पंजीकृत

भोपाल(ईएमएस)। प्रदेश के युवाओं को उद्योगों के साथ सर्विस सेक्टर में कौशल प्रशिक्षण देकर आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से शुरू की गई मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना में अब तक लगभग 1 लाख 17 हज़ार 480 युवाओं ने अपना पंजीयन कराया है। इस योजना में अब तक 11 हज़ार 296 प्रतिष्ठानों ने अपना पंजीयन कराया है। अब तक कुल 37 हज़ार 227 पद प्रकाशित किए गए हैं।- जिलेवार पंजीयनमुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजनाओं में आगर मालवा ज़िले में अब तक 910 अभ्यार्थियों ने अपना पंजीयन कराया है, अलीराजपुर में 393, अनूपपुर में 1284, अशोक नगर में 1870, बालाघाट में 2567, बड़वानी में 811, बैतूल में 1909, भिंड में 2012, भोपाल में 4181, बुरहानपुर में 557, छतरपुर में 3267, छिन्दवाड़ा में 2711, दमोह में 4027, दतिया में 1050, देवास में 1793, धार में 1597, डिंडोरी में 1053, खंडवा में 1490, गुना में 2487, ग्वालियर में 3564, हरदा में 692, नर्मदापुरम में 1970, इंदौर में 2277, जबलपुर में 4624, झाबुआ में 632, कटनी में 2509, खरगोन में 1713, मण्डला में 1705, मन्दसौर में 2800, मुरैना में 2356, नरसिंहपुर में 3025, नीमच में 1069, निवाड़ी में 694, पन्ना में 1825, रायसेन में 2448 , राजगढ़ में 2947, रतलाम में 1799, रीवा में 5681, सागर में 5805, सतना में 5264, सीहोर में 3260आदि।

## आरटीओ उड़नदस्ते ने किया स्कूल बसों का निरीक्षण

भोपाल यशभारत। कलेक्टर आशीष सिंह के निर्देश के बाद आरटीओ उड़नदस्ता ने शनिवार को स्कूल बसों व वैनों का चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान शहर की लिंक रोड क्रमांक-एक, दो सहित भेल क्षेत्र में वाहनों की जांच की गई। आरटीओ दस्ते की चेकिंग कार्रवाई को देखते हुए कई स्कूल बस व वैन चालक बीच रास्ते में वाहनों को मोड़ते हुए दिखे। कुछ बसों में लगा फर्स्ट एड बाक्स में प्राथमिक उपचार के लिए दवाएं एवं पट्टी नहीं थीं तो अग्निशमन यंत्र सिर्फ नाम के लिए लगे हुए थे। आरटीओ उड़नदस्ते ने वाहन चालकों को सोमवार से सभी तरह की खामियां दूर करने के निर्देश दिए। वहीं पांच स्कूल वैन मोटर व्हीकल एक्ट का पालन करते हुए नहीं मिलीं, इसलिए उन्हें जब्त कर लिया गया।हालांकि शनिवार को कुछ स्कूलों के अवकाश होने से चेकिंग अभियान धीमा ही रहा। रविवार को अवकाश होने स्कूल बसों व वेनों का चेकिंग अभियान नहीं चलेगा। अब सोमवार से चेकिंग अभियान रफ्तार पकड़ेगा।प्रभारी आरटीओ रंजना सिंह कुशवाह ने बताया कि कलेक्टर आशीष सिंह के निर्देश का पालन करते हुए चेकिंग अभियान चलाया गया। मोटर व्हीकल एक्ट का पालन नहीं करने वाले स्कूल वाहनों पर श्मन शुल्क लिया गया। चेतावनी देकर छोड़ा गया। कुछ वैन को जब्त किया गया। सोमवार को सभी स्कूल खुलने से चेकिंग अभियान अच्छे से चलाया जाएगा। इसके साथ ही आरटीओ का उड़नदस्ते ने चार, पांच, छह व सात जुलाई को भी विभिन्न तिराहे व चौराहों पर चेकिंग अभियान चलाया था। अब तक पांच वैन को जब्त कर आरटीओ में खड़ा कराया गया है।




## मुख्तार मलिक गैंग का फरार बदमाश विक्की वाहिद गिरफ्तार, जेल भेजा

भोपाल यशभारत। एक साल पहले झालावाड़ के असनावर थाना क्षेत्र में भीमसागर डैम में मछली के ठेके को लेकर गैंगवार हुई थी। उसमें भोपाल के कुख्यात गैंगस्टर मुख्तार मलिक की मौत हो गई थी। इस दौरान मुख्तार का एक गुर्गा भी मारा गया था। घटना के बाद से मुख्तार का शार्प शूटर विक्की उर्फ वाहिद फरार हो गया था। झालावाड़ पुलिस तभी से उसकी तलाश कर रही थी। शनिवार को पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। विक्की की भोपाल पुलिस को भी तलाश है। उसके खिलाफ विभिन्न थानों में 39 संगीन अपराध दर्ज हैं।असनावर थानाधिकारी राजकुमार के अनुसार कांसखेड़ली गांव के समीप भीमसागर बांध के किनारे 31 मई की रात को मछली ठेके के विवाद को लेकर हुई फायरिंग में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। वारदात के बाद घने जंगल में फरार हुए भोपाल का कुख्यात गैंगस्टर मुख्तार मलिक अचेत अवस्था मिला था।

# केबिनेट मंत्री ने की विभिन्न विभागों में पदस्थ सफाई कर्मचारियों की समीक्षा





**कटनी,यशभारत।** अध्यक्ष म.प्र.राज्य सफाई कर्मचारी आयोग म.प्र. शासन (केबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त) प्रताप करोसिया अधिकृत प्रवास कार्यक्रम के दौरान शुक्रवार 7 जुलाई को शाम 5 बजे कार्यालय कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में कलेक्टर अवि प्रसाद, पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी शिशिर गेमावत की उपस्थिति में सफाई कर्मचारियों के संबंध में एक आवश्यक बैठक आहूत की गई।

बैठक के दौरान जिला पंचायत, आदिम जाति कल्याण विभाग, स्वास्थ्य विभाग, समस्त नगरपालिका नगर परिषद, पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक लेकर विभाग अंतर्गत नियमित अस्थाई एवं दैनिक वेतनभोगी के रूप में कार्यरत सफाई कर्मचारी, अनुबंधित ठेका श्रमिक, अंशकालिक सफाई श्रमिकों की संख्या एवं उन्हे मिलने वाले वेतन भत्ते, पेंशन, पीएफ, ईएसआई, अनुकम्पा नियुक्ति, अनुग्रह सहायता राशि सहित विभिन्न बिंदुओं पर विभागवार विस्तृत जानकारी प्राप्त कर समीक्षा की। इस अवसर पर आयुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे, पूजा द्विवेदी आदिम जाति कल्याण विभाग, डी.के. पासी रोजगार अधिारी, उपायुक्त पवन अहिरवार सहित नगर परिषद बरही कैमार एवं विजयराघगढ़ के अधिकारियों सहित अखिल भारती सफाई कांग्रेस टेड यूनियन के अध्यक्ष ओप्रकाश सक्तेल, जिला महामंत्री उमेश चंद सोनखरे, अखिल भारतीय सुदर्शन समाज महिला विंग की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती पार्वती तामिया, अनूसूचित जाति यूनियन उपाध्यक्ष विष्णु भारती सहित विभिन्न सफाई कर्मचारी ट्रेड यूनियन तथा सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति रही। अध्यक्ष प्रताप करोसिया ने उक्त संबंधित विभागाधिकारियों से विभाग अंतर्गत कार्यरत सफाई कर्मचारियों, उनके कार्य की प्रकृति तथा उन्हें प्रदाय किए जा रहे पारिश्रमिक की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने तत्काल पूर्व ठेकेदारी पृथा को निरस्त करते हुए नवीन संविदा नीति-2021 के तहत श्रमिक कर्मचारियों की भर्ती कर शासन द्वारा निर्धारित कलेक्ट्रेट मानदेय अनुसार वेतन निर्धारण करने के निर्देश दिए। श्री करोसिया ने रिक्त स्थाई पदों पर विनियमित कर्मचारियों की नियुक्ति करते हुए एक माह में जानकारी उपलब्धक करानें के निर्देश दिए। उन्होंने सफाई कर्मचारियों एवं उनके आश्रितों को शासन की पात्रतानुसार योजनाओं से लाभांवित करने तथा परियोजना अधिकारी जिला शहरी विकास अभिकरण कटनी को नगर पालिका एवं नगर परिषद में कार्यरत कर्मचारियों के परिवारजनों के लिए बैंकों एवं कंपनियों के माध्यम से लोन मेला का आयोजन एवं महिला स्वसहायता समूह का गठन कर टेंकर, सफाई मशीन, कचरा वाहन सहित अन्य सफाई उपकरण दिलाने के निर्देश दिए, ताकि इनके माध्यम से परिवार की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ हो सके। उन्होंने सफाई कर्मचारियों के प्रशिक्षण उपरांत एवं आवश्यक संसाधन के साथ ही सिवरेज, नाली एवं चौंबर की साफ-सफाई करवाने के निर्देश दिए। अध्यक्ष श्री करोसिया ने जिला प्रशासन को राज्य शासन द्वारा निर्धारित सभी छुट्टियां, त्यौहार अवकाश, मेडिकल लीव तथा अन्य सामाजिक गतिविधियों के अवसर पर सफाई कर्मचारियों को अवकाश प्रदाय करने तथा सफाई कामगारों के त्यौहार एवं अन्य सामाजिक गतिविधियों के बेहतर आयोजन के लिए सभी नगरीय निकायों में महर्षि वाल्मीकि सामुदायिक भवन निर्माण करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने सफाई कामगारों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने के लिए जिला प्रशासन को योजनाओं के माध्यम से हर संभव मदद देने की बात कही। बैठक के दौरान अनूसूचित जाति यूनियन उपाध्यक्ष विष्णु भारती द्वारा सफाई पद पर अन्य कर्मचारियों के कार्यरत होकर सफाई का कार्य किये जाने की बात पर अध्यक्ष श्री करोसिया द्वारा सफाई कर्मचारियों के पद पर नियुक्त कर्मचारियों से सफाई का कार्य कराने के निर्देश दिए गए।

### अध्यक्ष श्री करोसिया ने अंशकालिक अनुबंधित सफाई कर्मचारियों की समस्याओं को त्वरित निराकृत करने के दिए निर्देश



## पशु सखी ने बछड़े का इलाज करवाया

**कटनी,यशभारत।** सपना रजक पति धनीराम रजक ग्राम जरवाही विकासखंड कटनी की कृषक है कृषक के पास तीन गाय एवं तीन बछड़े हैं जिन से प्राप्त गोबर एवं गोमूत्र का उपयोग फसलों में किया जाता है। महिला कृषक ने आत्मनिर्भर स्वावलंबी एवं स्वरोजगार स्थापित करने के लिए ग्राम की महिलाओं को एकत्रित कर स्व सहायता समूह बनाया जिसकी वह कोषाध्यक्ष है। सपना रजक को मध्यप्रदेश शासन ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान कटनी में पशु सखी का प्रशिक्षण दिलवाया गया। जहां प्रशिक्षक रामसुख दुबे ने पशुपालन से लाभ गाय भैंस बकरियों की विभिन्न नस्लें आवास प्रबंधन चारा संतुलित पशु आहार पशुओं में होने वाले रोग उनका नियंत्रण एवं टीकाकरण तथा दुग्ध उत्पादों आदि का तकनीकी प्रशिक्षण दिया। सपना ने प्रशिक्षण प्राप्त कर ग्राम मे स्व सहायता समूह की महिलाओं को प्रशिक्षण दिया तथा ग्राम में भ्रमण कर कृषकों से संपर्क कर पशुशाला की साफ-सफाई पशु आहार एवं वर्षा ऋतु में पशुओं को होने वाले रोग तथा उनके नियंत्रण एवं टीकाकरण की जानकारी दिया। महिला कृषक सुमन कुशवाहा का बछड़ा बीमार होने के कारण पशुपालन विभाग की हेल्पलाइन नंबर 1962 मे फोन लगाया जहां वाहन के साथ डॉक्टर एवं स्टाफने पहुंचकर बछड़े का इलाज किया इंजेक्शन लगाया एवं दवाई दिया जिससे बछड़े की जान बच सकी।

## 435 किलोग्राम महुआ लाहन एवं 50 लीटर अवैध मदिरा जप्त



**कटनी,यशभारत।** जिला कटनी में अवैध मदिरा के संग्रहण, परिवहन, विक्रय एवं निर्माण की रोकथाम हेतु कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देशन एवं जिला आबकारी अधिकारी कटनी के मार्गदर्शन में निरंतर अभियान चलाया जा रहा है। विशेष अभियान के तहत विगत दिवस आबकारी वृत्त कटनी क्रमांक 02 के आधारकाप, निमियाहार क्षेत्र में अभिषेक सिंह बघेल आबकारी उपनिरीक्षक के नेतृत्व में मदिरा का अवैध रुप से निर्माण, संग्रहण एवं विक्रय कर रहे लोगों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया गया।

अभियान के दौरान आबकारी की टीम बी द्वारा की गई कार्यवाही में कुल 435 किलोग्राम महुआ लाहन एवं 50 लीटर अबैध हाथ भट्टी मदिरा जप्त की जाकर कुल 5 न्यायालयीन प्रकरण मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 ( 1 ) क एवं च के पंजीबद्ध किये गये। मौके पर महुआ लाहन का सैंपल लिया जाकर नष्ट किया गया। जप्त किये गये लाहन तथा मदिरा की अनुमानित राशि लगभग 30 हजार रूपये है। उपरोक्त कार्यवाही के दौरान आबकारी उपनिरीक्षक मोना दुबे, केशव प्रसाद उईके, आबकारी आरक्षक राजेश गौटिया, चन्द्र प्रकास त्रिपाठी, वीणा ब्रम्हवंशी, सम्मिलित रहे। जिला आबकारी अधिकारी ने बताया की जिले में इस प्रकार की कार्यवाही लगातार जारी रहेगी।

## अभिनव नवाचार करने वाला कटनी देश का पहला जिला

# 135 बीमार रेल यात्रियों की डॉक्टर कॉल पर हुई निःशुल्क चिकित्सा



### जिला रेडक्रास समिति ने रेल प्रबंधन को पुनः दी 25हजार की राशि

**कटनी,यशभारत।** कलेक्टर अवि प्रसाद की पहल पर जिले के कटनी रेलवे जंक्शन और मुड़वारा रेलवे स्टेशन में बीमार रेल यात्रियों के लिए शुरू की गई मुफ्त चिकित्सा एवं उपचार व्यवस्था से अब तक कुल 135 यात्रियों का निःशुल्क इलाज हो चुका है। कटनी में बीमार यात्रियों को मिल रही मुफ्त दवा एवं इलाज के नेक कार्य की देश भर में चर्चा है। पूरे देश में बीमार रेल यात्रियों को निःशुल्क उपचार सुविधा मुहैया कराने वाला कटनी देश का पहला जिला है।इस अभिनव नवाचार और पीड़ित मानवता की सेवा के प्रकल्प को शुरू करने के प्रणेता एवं सूत्रधार जिले के संवेदनशील कलेक्टर अवि प्रसाद हैं। जिनकी मौजूदगी में इस व्यवस्था के सुचारू और व्यवस्थित संचालन के लिए रेलवे, जिला रेडक्रास सोसायटी और केमिस्ट एसोसिएशन के बीच त्रिपक्षीय समझौता हुआ था। इस सेवा प्रकल्प से अब तक 135 यात्री मरीजों के उपचार पर 25हजार रूपए खर्च हो चुके हैं। जिससे कटनी जंक्शन में 22 मई से 25 जून तक कुल 101 यात्री मरीजों पर 18हजार350 रूपए और मुडवारा रेलवे स्टेशन में 22 मई से 4 जुलाई तक कुल 34 बीमार यात्रियों की दवा इलाज पर 6हजार650 रूपए व्यय हुए हैं। कुछ तकनीकी दिक्कतों की वजह से यह सुविधा दो दिन बाधित रही। लेकिन अब जनहित व मरीज हित में पुनः शुरू हो चुकी है।इसके लिए समझौते के शर्त के मुताबिक रेल प्रशासन को जिला रेडक्रास सोसायटी ने 25हजार रूपए और प्रदान किया है। समझौते के मुताबिक केमिस्ट एसोसिएशन द्वारा यह राशि जिला रेडक्रास सोसायटी को मुहैया कराई जाएगी। कलेक्टर श्री प्रसाद की उपस्थिति में यह तय हुआ था कि बीमार यात्रियों के उपचार व दवा पर 25 हजार रुपए की राशि खर्च होते ही तत्काल पुनरू25 हजार रुपए की राशि रेल प्रशासन को प्रदान कर दी जाएगी। इसी वादे को पूरा करते हुए जिला रेडक्रास समिति ने रेल प्रशासन को यात्री मरीजों के चिकित्सा उपचार हेतु 25हजार रूपए और प्रदान कर दिया है। यहां यह उल्लेखनीय है कि रेल प्रशासन द्वारा बीमार रेल यात्रियों के डॉक्टर कॉल पर अब तक केमिस्ट एसोसिएशन द्वारा दी गई 25हजार रूपए की राशि खर्च की जा चुकी है।

## कलेक्टर ने जिले के चार बीआरसी से मांगा स्पष्टीकरण

### कलेक्टर ने स्टेट अचीवमेन्ट सर्वे की प्रगति संतोजनक नहीं होने पर जताई नाराजगी

कटनी,यशभारत।

कलेक्टर अवि प्रसाद ने जिले के विकासखंड बहोरीबंद, ढ़ीमरखेड़ा, रीठी और विजयराघवगढ़ की स्टेट अचीवमेंट सर्वे की प्रगति संतोषजनक नहीं पाये जाने पर स्पष्टीकरण तलब किया है। कलेक्टर श्री प्रसाद ने रीठी, विजयराघवगढ़, ढ़ीमरखेड़ा और बहोरीबंद के विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक से स्टेट अचीवमेंट सर्वे की प्रगति संतोषजनक नहीं पाये जाने पर नाराजगी जारी करते हुए स्पपष्टीकरण मांगा है। संबंधितों द्वारा संतोषजनक स्पष्टीकरण जवाब नहीं प्रस्तुत नहीं करने पर अनुशासनात्मक कार्यवाही करने की चेतावनी दी गई है। विदित हो कि कलेक्टर श्री प्रसाद को वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिले के शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान स्टेट अचीवमेण्ट सर्वे की कमजोर प्रगति की जानकारी पता चली। जिस पर उन्होंने विभागीय अधिकारियों को इसमें वांछित सुधार करने की हिदायत दी थी।



## ट्रांसप्लांटर मशीन से की गई धान की रोपाई



**कटनी,यशभारत।** कलेक्टर अवि प्रसाद के दिशा निर्देशानुसार जिले में कृषि में उन्नत मशीनों का उपयोग को बढ़ावा देने हेतु प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। इसी के तहत कृषि अभियांत्रिकीय विभाग द्वारा ई-कृषि यंत्र अनुदान योजना के तहत कृषक अमृत लाल दुबे निवासी ग्राम नडेरी विकासखण्ड विजयराघवगढ़ जिला कटनी को राईड ऑन टाईप राईस ट्रांसप्लांटर मशीन अनुदान पर मेसर्स तविस एग्रो कटनी द्वारा प्रदाय की गई है। मशीन की कुल लागत 14 लाख रूपये है तथा मशीन पर विभाग के द्वारा 5 लाख रुपये तक अनुदान दिया जावेगा।

कृषि अभियांत्रिकीय विभाग द्वारा बताया गया कि जिले में यह इस प्रकार की दूसरी मशीन है। इस मशीन द्वारा आज दिनांक 7 जुलाई 2023 को कृषक के खेत में धान की रोपाई करने का प्रदर्शन किया गया। इस प्रदर्शन को देखने हेतु गाँव के अन्य किसान भी उपस्थित रहे। मशीन से धान की रोपाई करने के संबंध में तकनीकी ज्ञान देने हेतु इस मशीन की निर्माता कंपनी कबोटा के प्रतिनिधी भी रहे। कृषकों को मशीन के संबंध में तकनीकी ज्ञान दिया गया एवं नर्सरी लगाने की विधि तथा मशीन को चलाकर भी कृषकों को दिखाया गया।

इस कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य श्रीमति संगीता पटेल, उपसंचालक कृषि मनीष कुमार मिश्रा, सहायक कृषि यंत्री मेहरा जी एवं वी.वी मौर्य, तहसीलदार सुश्री नेहा जैन, मेसर्स तविस एग्रो कटनी के डीलर श्रीमति श्रेया शिवहरे एवं प्रसन्न शिवहरे एवं स्थानीय कृषक उपस्थित रहे।

ज्ञात हो कि धान की रोपाई श्रमिकों द्वारा लगानें पर लगभग 5 हजार रूपये प्रति एकड़ की लागत आती है एवं दिनभर में 1 से 2 एकड़ धान की रोपाई होती है जबकि इस मशीन द्वारा प्रति एकड़ 1100 रुपये का खर्च आता एवं दिनभर में लगभग 8 एकड़ धान की रोपाई की जाती है। कृषि अभियांत्रिकीय विभाग द्वारा बताया गया कि जिले में यह इस प्रकार की दूसरी मशीन है। इस मशीन द्वारा धान की रोपाई शुक्रवार 07 जुलाई 2023 को की गई।

## कलेक्टर ने रीठी तहसील के लिपिक झंकारे से तलब किया जवाब

### समक्ष में उपस्थित होकर जवाब देने के लिए दिए-निर्देश

**कटनी,यशभारत।** कलेक्टर अवि प्रसाद ने रीठी तहसील में पदस्थ सहायक ग्रेड -3 किशोर झंकारे द्वारा जानबूझकर पदीय दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही बरतने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कारण बताओ नोटिस जारी किया है। कलेक्टर श्री प्रसाद ने सहायक ग्रेड-3 श्री झंकारे को तीन दिवस के भीतर समक्ष में उपस्थित होकर जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए है। विदित हो कि हाल ही में कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा रीठी तहसील के औचक निरीक्षण के दौरान सहायक ग्रेड- 3 श्री झंकारे द्वारा पटवारियों के नामिनी फार्म अपडेट कर सर्विस बुक में नहीं लगाया गया और न ही संबंधित पटवारियों से भरवा कर अद्यतन किया गया। इसके अलावा कलेक्टर श्री प्रसाद को निरीक्षण के दौरान पटवारियों का डी.पी.एफ पासबुक भी अपूर्ण मिली। लिपिक श्री झंकारे द्वारा रीठी तहसील के पटवारी अभिषेक शर्मा और सचिन दीक्षित की सेवा 15-20 वर्ष की हो जाने के बाद भी उनके सेवा अभिलेखों के संधारण में की जा रही लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए नोटिस जारी किए है। जारी कारण बताओ नोटिस में कहा गया है कि श्री झंकारे द्वारा जानबूझकर अपने पदीय दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही बरती गई है जो उदासीनता का द्योतक है। जो म0प्र0 सिविल सेवा आचरण नियमों के विपरीत है।

## जबलपुर, कटनी, मैहर, सतना से होकर धनबाद-ताम्बरम के मध्य अनारक्षित स्पेशल ट्रेन चलेगी



**कटनी, यशभारत।** रेल प्रशासन द्वारा त्यौहारी सीजन के अवसर पर अतिरिक्त यात्री यातायात क्लियर करने के उद्देश्य से गाड़ी संख्या 06077/06078 ताम्बरम-धनबाद-ताम्बरम के मध्य 01-01 ट्रिप अनारक्षित स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है। यह गाड़ी पमरे के इटारसी, पिपरिया, गाडरवारा, नरसिंहपुर, जबलपुर, कटनी, मैहर एवं सतना के स्टेशन पर हाल्ट लेकर गन्तव्य को जाएगी। गाड़ी संख्या 06077 ताम्बरम-धनबाद अनारक्षित स्पेशल ट्रेन दिनांक 07.07.2023 (शुक्रवार) को ताम्बरम स्टेशन से 22.00 बजे प्रस्थान कर, तीसरे दिन (रविवार को) इटारसी 09.10 बजे, पिपरिया 10.13 बजे, गाडरवारा 10.48 बजे, नरसिंहपुर 11¬18 बजे, जबलपुर 12.50 बजे, कटनी 14.15 बजे, मैहर 15.15 बजे, सतना 15.35 बजे होते हुए चौथे दिन (सोमवार को) 05¬30 बजे धनबाद स्टेशन पहुँचेगी।इसी प्रकार गाड़ी संख्या 06078 धनबाद-ताम्बरम अनारक्षित स्पेशल ट्रेन दिनांक 11.07.2023 (मंगलवार) को धनबाद स्टेशन से 15.35 बजे प्रस्थान कर, अगले दिन सतना 03.05 बजे, मैहर 03.30 बजे, कटनी 04.30 बजे, जबलपुर 06¬00 बजे, नरसिंहपुर 07.18 बजे, गाडरवारा 07.48 बजे, पिपरिया 08.18 बजे, इटारसी 10.00 बजे और तीसरे दिन (गुरुवार को) 22.00 बजे ताम्बरम स्टेशन पहुँचेगी।इस गाड़ी में 20 सामान्य श्रेणी एवं 02 एसएलआर सहित कुल 22 कोच रहेंगे। रास्ते में यह गाड़ी दोनों दिशाओं में चेन्नई एग्मोर, सुल्लूरपेटा, नेल्लोर, ओंगोल, तेनाली जंक्शन, गुंटूर जंक्शन, मिरियालगुड़ा, नालगोंडा, सिकंदराबाद, मेडचल, कामारेड्डी, निजामाबाद, बसर, मुदखेड़, हुजूर साहिब नांदेड़, पूर्णा जंक्शन, हिंगोली, वाशिम, अकोला जंक्शन, इटारसी जंक्शन, पिपरिया, गाडरवारा, नरसिंहपुर, जबलपुर, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन, सासाराम, देहरी ऑनसोन, गया, कोडरमा एवं एनएससी बोस जंक्शन गोमोह स्टेशनों पर रुकेगी।

## सरकार ने दी संविदा कर्मचारियों को बड़ी सौगात

### सविदा कर्मचारियों के लिए मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणा संविदा कर्मचारियों के हित में है- मोहम्मद आरिफ

**कटनी, यशभारत।** प्रदेश के मुख्यमंत्री ने लाल परेड मैदान परिसर स्थित नेहरू स्टेडियम भोपाल में संविदा कर्मचारियों के विशाल सम्मेलन को संबोधित करते हुए संविदा कर्मचारियों को अनेक सौगातें दी है, जिसका संविदा कर्मचारियों ने स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री जी को धन्यवाद ज्ञापित किया है। जिला पंचायत कटनी में डाटा एन्ट्री ऑपरेटर के संविदा पद पर वर्ष 2011 से पदस्थ मोहम्मद आरिफ ने कहा कि मुख्यमंत्री जी द्वारा की सभी घोषणाएं संविदा सीएम द्वारा की गई घोषणा संविदा कर्मचारियों के हित में है, जिसका हम ह्रदय से स्वागत करते है। उन्होने बताया संविदा कि घोषणाओं में प्रतिवर्ष अनुबंध प्रक्रिया समाप्त होगी। नेशनल पेंशन स्कीम का लाभ मिलेगा। वेतन 100 प्रतिशत मिलेगा। अनुकंपा नियुक्ति का लाभ मिलेगा। रिटायरमेंट के समय ग्रेच्युटी, नियमित पदों पर भर्ती में 50 प्रतिशत का आरक्षण, नियमित कर्मचारियों के समान अवकाश मातृत्व अवकाश भी नियमित कर्मचारी की तरह मिलेगा। आंदोलन के दौरान कटा हुआ वेतन वापस वापस होगा। आंदोलन के दौरान दर्ज मामले वापस होंगे। उन्होनें कहा कि मुख्यमंत्री जी द्वारा की गई सभी घोषणाएं संविदा कर्मचारियों के जीवन स्तर को उंचा उठाने में सहायक होगी।

Tuesday Offer
@99/- Available On
All Seats Except Recliners

CINEWORLDZ CINEMA KATNI by CMW
Mittal MALL
Paytm
book my show

From 07th July 2023

| Cineworldz Cinema Katni by CMW | | |
| --- | --- | --- |
| Schedule for the week 07 July to 13 July, 2023 | | |
| Audi-01 | Show | Rate |
| Neeyat | 11.00.00 AM | 100-100-100-250 |
| Neeyat | 1.30.00 PM | 130-160-190-350 |
| Neeyat | 4.15.00 PM | 130-160-190-350 |
| Neeyat | 7.15.00 PM | 130-160-190-350 |
| Neeyat | 10.00.00 PM | 130-160-190-350 |
| Audi-02 | Show | |
| Satyaprem Ki Katha | 1.00.00 PM | 130-160-190-350 |
| Satyaprem Ki Katha | 4.00.00 PM | 130-160-190-350 |
| Satyaprem Ki Katha | 7.00.00 PM | 130-160-190-350 |
| Satyaprem Ki Katha | 10.00.00 PM | 130-160-190-350 |
| Audi-03 | Show | |
| 1920 Horrors of the heart | 12.30.00 PM | 120-150-150 |
| Zara Hatke Zara Bachke | 3.30.00 PM | 120-150-150 |
| 1920 Horrors of the heart | 6.30.00 PM | 120-150-150 |
| 1920 Horrors of the heart | 9.30.00 PM | 120-150-150 |

TIMINGS MAY CHANGE FOR CURRENT UPDATE VISIT ON BOOK MY SHOW & PAYTM
2nd Floor, Mittal Mall, Beside Mittal Enclave, Collectorate Road, Katni M.P.
Contact No. 9993123830

# एशिया कप और वर्ल्ड कप से पहले पाकिस्तान को बड़ा झटका, दो खिलाड़ियों ने लिया रिटायरमेंट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पाकिस्तान की मेजबानी में 31 अगस्त से एशिया कप 2023 की शुरुआत होनी है। वहीं 5 अक्टूबर से टीम भारत में होने वाले वनडे वर्ल्ड कप में हिस्सा ले सकती है। इन दो बड़े टूर्नामेंट से पहले रविवार को पाकिस्तान के दो इंटरनेशनल खिलाड़ियों ने एकसाथ रिटायरमेंट की घोषणा कर दी है। पाकिस्तान क्रिके बोर्ड ने अपने ऑफिशियल ट्विटर हैंडल से पोस्ट करते हुए इन दोनों खिलाड़ियों का धन्यवाद अदा किया और उनके रिटायरमेंट की जानकारी दी। पाकिस्तान क्रिकेट ने अपने ट्वीट में बताया कि तेज गेंदबाज एहसान आदिल और ऑलराउंडर हम्माद आजम ने क्रिकेट से रिटायरमेंट ले लिया है।





## कैसा रहा दोनों क्रिकेटर्स का इंटरनेशनल रिकॉर्ड?

एहसान आदिल ने अपना टेस्ट डेब्यू फरवरी 2013 में साउथ अफ्रीका के खिलाफ सेंचूरियन में किया था। उन्होंने पाकिस्तान के लिए दो ही टेस्ट मैच खेले जिसमें पांच विकेट उनके नाम दर्ज हैं। वहीं 2015 तक आदिल ने पाकिस्तान के लिए 6 वनडे इंटरनेशनल भी खेले जिसमें चार विकेट उनके नाम दर्ज हैं। आपको बता दें कि आदिल ने अंडर-19 वर्ल्ड कप 2012 में पाकिस्तान के लिए शानदार प्रदर्शन के बाद नेशनल टीम में जगह बनाई थी। उन्होंने 67 फर्स्ट क्लास मैचों में 245 विकेट, 67 लिस्ट ए मैचों में 98 विकेट और 68 टी20 मैचों में 86 विकेट मार्च 2012 से अक्टूबर 2021 तक झटके थे। वहीं ऑलराउंडर हम्माद आजम ने पाकिस्तान के लिए अंडर-19 वर्ल्ड कप साल 2010 में खेला था। उन्होंने 11 वनडे इंटरनेशनल पाकिस्तान के लिए खेलते हुए दो विकेट लिए थे और 80 रन बनाए थे। इसके अलावा पांच टी20 इंटरनेशनल भी उन्होंने 2011 से 2015 तक पाकिस्तान के लिए खेले। उनके घरेलू क्रिकेट रिकॉर्ड पर नजर डालें तो दिसंबर 2008 से जून 2021 तक उन्होंने 107 फर्स्ट क्लास मैच खेलते हुए 4953 रन बनाए और 186 विकेट झटके। इसके अलावा 114 लिस्ट ए मैचों में उनके नाम 2362 रन और 91 विकेट दर्ज हैं। 98 टी20 में भी उन्होंने 1361 रन बनाते हुए 75 विकेट अपने नाम किए।

## पाकिस्तान के वर्ल्ड कप खेलने पर सस्पेंस

पाकिस्तान क्रिकेट टीम के एशिया कप अपनी मेजबानी में खेलने के बाद वर्ल्ड कप में खेलने पर सस्पेंस बना हुआ है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री ने इस पर फैसला करने के लिए विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो के नेतृत्व में एक कमेटी का गठन किया है। यह कमेटी भारत में उन सभी वेन्यू का जायजा लेगी जहां पाकिस्तान के मुकाबले होने हैं। इसके अलावा सभी पहलुओं की जांच के बाद यह कमेटी अपना फैसला प्रधानमंत्री को सौंपेगी। फिर प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ जो पीसीबी के संरक्षक हैं वह इस पर फैसला करेंगे कि पाकिस्तान की नेशनल टीम भारत जाएगी या नहीं।

# फॉर्म में आते ही हैरी ब्रूक ने रचा इतिहास, टेस्ट क्रिकेट में बना दिया वर्ल्ड रिकॉर्ड

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंग्लैंड के धाकड़ युवा खिलाड़ी हैरी ब्रूक का बल्ला करीब 7-8 पारियों से खामोश था। उनकी आखिरी शानदार पारी फरवरी 2023 में न्यूजीलैंड के खिलाफ आई थी जहां उन्होंने 186 रन बनाए थे। उसके बाद आईपीएल में भी उनका प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा था। हालांकि, उन्होंने टूर्नामेंट में एक शतक लगाया था लेकिन वह इसके अलावा कुछ खास नहीं कर पाए थे। अब एशेज 2023 के तीसरे टेस्ट की दूसरी पारी में उन्होंने एक बार फिर से फॉर्म में वापसी के संकेत दिए हैं। उनका बल्ला उस वक्त चला है जब उनकी टीम को इसकी खास जरूरत थी। उन्होंने लीड्स टेस्ट की दूसरी पारी में अर्धशतक जड़ और 47 रन बनाते ही अपने टेस्ट करियर के एक हजार रन पूरे कर लिए। इसी के साथ उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाते हुए इतिहास रच दिया। हैरी ब्रूक ने सबसे तेज 1000 टेस्ट रन बनाने का रिकॉर्ड अपने नाम किया। उन्होंने इस पारी में अपना पांचवां टेस्ट अर्धशतक जड़ दिया। इंग्लैंड को इस मैच में 251 रनों का लक्ष्य मिला है। 171 रन पर टीम के 6 विकेट गिर चुके थे लेकिन हैरी ब्रूक एक छोर संभाले डटे हैं। उन्होंने सबसे कम गेंदों में 1000 टेस्ट रन पूरे किए हैं। उनसे पहले यह रिकॉर्ड न्यूजीलैंड के एक ऑलराउंडर के नाम दर्ज था। ब्रूक ने यहां 93 गेंदों पर 75 रनों की पारी खेली और हारे हुए मुकाबले में इंग्लैंड को जीत की दहलीज तक पहुंचाया।

# श्रीलंका ने पूरे दबदबे के साथ जीती वर्ल्ड कप क्वालीफायर की ट्रॉफी

## फाइनल में नीदरलैंड की बड़ी हार




**नई दिल्ली, एजेंसी।** वर्ल्ड कप क्वालीफायर के फाइनल मुकाबले में श्रीलंका के सामने नीदरलैंड की टीम थी। इस मैच में श्रीलंका ने नीदरलैंड को 128 रन के बड़े अंतर से शिकस्त देकर इस फॉर्मेट में लगातार 10वीं जीत दर्ज की। ये दोनों टीमें इस साल अक्टूबर में भारत में होने वाले 50 ओवर के वर्ल्ड कप के लिए पहले ही क्वालीफाई कर चुकी हैं।

### श्रीलंका ने दी नीदरलैंड को मात

दिलशान मदुशंका (18 रन पर तीन विकेट) और महीश तीक्षणा (31 रन पर चार विकेट) की शानदार गेंदबाजी के दम पर श्रीलंका ने नीदरलैंड को बुरी तरह हरा दिया। इस जीत से श्रीलंका विश्व कप में क्वालीफायर 2 और नीदरलैंड क्वालीफायर 1 के रूप में टूर्नामेंट में हिस्सा लेगा। पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद श्रीलंका की टीम 47.5 ओवर में 233 रन पर आउट हो गई। टारगेट का पीछा करते हुए नीदरलैंड की पूरी पारी 23.3 ओवर में 105 रन पर सिमट गई।

### इस बल्लेबाज ने खेली तगड़ी पारी

श्रीलंका के लिए सहान अराच्छिगे ने 71 गेंद में सबसे ज्यादा 57 रन बनाए। कुसल मेंडिस (43), चरिथ असलंका (36), वानिंदु हसरंगा (29) अच्छी शुरुआत को बड़ी पारी में नहीं बदल पाए। अराच्छिगे ने अपनी पारी के दौरान मेंडिस के साथ तीसरे विकेट के लिए 72 जबकि असलंका के साथ चौथे विकेट के लिए 64 रन की साझेदारी कर बड़े स्कोर की नींव रखी लेकिन 36वें ओवर में उनके आउट होने के बाद टीम की पारी लड़खड़ा गई। नीदरलैंड के लिए विक्रमजीत सिंह, लोगन वैन बीक, रायन क्लाइन और साकिब जुल्फिकार ने दो-दो जबकि आर्यन दत्त ने एक विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए नीदरलैंड के लिए मैक्स ओ'डाउड ही श्रीलंका के गेंदबाजों का कुछ हद तक सामना कर सके।



# कबड्डी शिविर का हुआ समापन

**जबलपुर, यशभारत।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग तथा कबड्डी एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान में विगत 1 माह से स्थानीय रानीताल खेल परिसर में चल रही ग्रीष्मकालीन कबड्डी शिविर का समापन आज अर्जुन अवॉर्डी , सुश्री मधु यादव के मुख्य आतिथ्य एवम डॉ अमित साहू संरक्षक कबड्डी एसोसिएशन,जिला खेल अधिकारी आशीष पांडे , पुष्पा रघुवंशी सचिव जबलपुर अकादमी ,सरपंच अजय सिंह विधायक प्रतिनिधि बरगी विधान सभा के विशिष्ठ आतिथ्य में संपन्न हुआ द्य मध्य प्रदेश कबड्डी संघ के उपाध्यक्ष शानू यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत 1 माह से चल रही बालकद्व बालिकाओं की कबड्डी शिविर का समापन आज मध्य प्रदेश की 2 जानी-मानी टीम जबलपुर कॉरपोरेशन एवं जबलपुर एकेडमी के जूनियर बालिकाओं के बीच प्रदर्शन मैच से संपन्न किया गया । इस अवसर पर सीनियर कबड्डी खिलाड़ी मोना सेंगर श्वेता उपाध्याय शोभा प्रधान सृष्टि मौजूद रहीं।

# योग मन,आत्मा और शरीर को नियंत्रित करने का महत्वपूर्ण साधन

## 3दिवसीय राज्य स्तरीय योगासन जजेस ओरियंटेशन एंड ट्रेनिंग प्रोग्राम

**जबलपुर , यशभारत।** मध्य प्रदेश योगासना स्पोर्ट्स एसोसिएशन के तत्वावधान में जबलपुर डिस्ट्रिक्ट योगासना स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा तीन दिवसीय जजेस ट्रेनिंग एंड ओरियंटेशन प्रोग्राम का विधिवत उद्घाटन यूथ हॉस्टल एवं स्टेम फील्ड इंटरनेशनल स्पोर्ट्स एकेडमी में किया गया जिसमें मुख्य अतिथि उत्तर मध्य विधानसभा के यशस्वी विधायक विनय सक्सेना थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्टेमफील्ड स्पोर्ट्स एकेडमी के संचालक पर्व जायसवाल ने की । विशिष्ट अतिथि महाकौशल क्रीड़ा परिषद के संस्थापक डॉ प्रशांत मिश्रा ,डिस्ट्रिक्ट योगासना स्पोर्ट्स एसोशियेशन के अध्यक्ष राकेश नेमा जी मध्य प्रदेश योगासना स्पोर्ट्स एसोसिएशन के महासचिव दिनेश सिंह ठाकुर जबलपुर डिस्ट्रिक योगासन स्पोर्ट्स एसोशियेशन की कोषाध्यक्ष रुक्मणि राव की उपस्थिति में किया गया । महासचिव दिनेश सिंह ठाकुर ने सभी अतिथियों का स्वागत किया तथा कार्यक्रम की संक्षिप्त जानकारी दी। अतिथि उद्बोधन में कहा गया कि कि



योग जीवन जीने की कला है वर्तमान परिवेश में व्यवसाय एवं आर्थिक दृष्टिकोण से भी महत्वपूर्ण है। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में श्री पर्व जैसवाल जी ने कहा खेल के रूप में योगासन स्पोर्ट्स से राष्ट्र को एक नई दिशा मिलेगी। इस आयोजन में संपूर्ण प्रदेश से 60 प्रतिभागियों ने भाग लिया प्रत्येक जिले से लगभग 2 से 3 प्रतिभागियों ने शिरकत की आज के सत्र में विजय शंकर त्रिपाठी, वरुण कुशवाहा , सुश्री डा रचना जैन , विवेक पाठक, सुश्री सपना पाल नेअपने विषय से संबंधित जानकारी प्रदान की कार्यक्रम का संचालन आशीष रैकवार ने किया आभार प्रदर्शन श्री मध्य प्रदेश योगासना स्पोर्ट्स के तकनीकी सचिव वरुण कुशवाहा ने किया।इस अवसर पर स्टेम फील्ड के सौरभ सिंह राजपूत,संजय राव,श्री जितेन्द्र सिंह राजपूत,शिवम गुप्ता,श्री विनोद मोथा,पंखुरी तनेजा,सलोनी अरोरा जी डा विनय पटेल,शालिनी श्रीवास्तव जी ,देवेंद्र मिश्रा जी,स्वेता दुबे जी उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय जूडो चैंपियनशिप : जबलपुर की सारका ने जीता काँस्य पदक

**जबलपुर, यशभारत।** भारतीय जुडो महासंघ द्वारा बेल्लारी कर्नाटक में चल रही राष्ट्रीय कैडेट जुडो चैंपियनशिप के प्रथम् दिन जबलपुर की सारका अंजुम ने पकाँस्य पदक प्राप्त किया .जिला जूडो संघ के सचिव व कोच आबिद हुसैन खान ने बताया कि सारका अंजुम ने -40 कि.ग्रा. के भार समूह में अपने खेल का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुई दिल्ली कि खिलाड़ी प्रियंका दबस से पांच अंकों से पीछे रहने के पश्चात अंतिम समय मे सीधे दस अंक प्राप्त कर प्रदेश को कांस्या पदक दिलाते हुए संस्कारधानी को गोरवांतित किया।श्री खान ने आगे बताया कि सारका अंजुम का यह राष्ट्रीय स्तर पर ये दूसरा पदक है इसके पूर्व खेलो इंडिया विमेस चैंपियनशिप मे सिल्वर मैडल प्राप्त किया था। सारका कि इस सफलता पर



मध्या प्रदेश ओलिंपिक संघ के दिग्विजय सिंह, जिला खेल आधिकारी अशीष पाण्डेय ,मध्य प्रदेश जूडो संघ के अध्यक्ष जगजीत सिंह संधु, तकनीकी चेयरमेन कुरुष दिनशा,सचिव नरेश टटवाडे,पूर्निम बिसे,मोहन सिंह यादव,सुनील शर्मा,अशोक नामदेव,एडवोकेट अताउर्रेहमान अंसारी,अजय कुमार तिवारी,आरिफ बेग,राजकुमार मिश्रा,रत्नेश सोनकर,मनीष श्रीवास्तव,सय्यद फैजान,ज्ञान भूषण दुबे,व निसार आलम आदि ने बधाई देते हुए हर्ष व्यक्त किया।

## रंग संसार

# धनुष की फिल्म डी 50 का पहला पोस्टर जारी

## फिल्म की शूटिंग भी हो चुकी है शुरू

**मुंबई (ईएमएस)।** कुछ दिनों पहले ही साउथ स्टार धनुष ने अपनी दूसरी डायरेक्टोरियल फिल्म डी 50 की घोषणा की थी। अब हाल ही में सन पिक्चर्स ने फिल्म से धनुष का पहला पोस्टर रिलीज करते हुए बताया कि एक्टर की आगामी मूवी की शूटिंग शुरू हो चुकी है। इस पोस्टर में धनुष अब तक के सबसे अलग लुक में नजर आ रही हैं। धनुष अपने फैंस को इम्प्रेस करने में कोई कसर नहीं छोड़ते हैं, फिर चाहे उन्हें अपने लुक से ही क्यों न एक्सपेरिमेंट करना पड़े। हाल ही में मेकर्स ने धनुष की फिल्म का नया पोस्टर रिलीज किया, जिसमें एक्टर क्लीन शेव हेड के साथ नजर आ रहे हैं। इस पोस्टर में धनुष का चेहरा तो नहीं दिख रहा है, लेकिन उनकी बैक बॉडी को देखकर ये साफ जाहिर है कि उन्होंने अपनी फिल्म के लिए काफी मेहनत की है। इस पोस्टर में



बैकग्राउंड में फैक्ट्री दिखाई गई हैं, जिसमें आसमान तक लाल रंग के निशान हैं।इस पोस्टर को शेयर करते हुए धनुष ने कैप्शन में लिखा, शूट शुरू हो चुका है, ओम नमः शिवाय। धनुष इस फिल्म में सिर्फ अभिनय ही नहीं कर रहे हैं, बल्कि वह फिल्म में निर्देशन की कुर्सी भी संभालते हुए नजर आएंगे। इस पोस्टर के साथ ही धनुष ने बताया कि उनकी फिल्म की शूटिंग शुरू हो चुकी है। बता दें कि इससे पहले धनुष सुबह अपने दोनों बेटों यात्रा और लिंगा और अपने माता-पिता के साथ तिरुपति मंदिर दर्शन के लिए पहुंचे थें। एक्टर को क्लीन शेव हेड और गले में रुद्राक्ष की माला पहने देखकर फैंस भी हैरान रह गए थे। ष्50 के अलावा धनुष आनंद एल राय की फिल्म तेरे इश्क में नजर आएंगे, जिसका टीजर ऑडियंस के सामने आ चुका है। बता दें कि रांझणा सहित कई सुपरहिट फिल्में देने वाले साउथ स्टार धनुष की गिनती पैन इंडिया स्टार्स में होती है। उन्होंने अपने अभिनय के दम पर अपनी एक अलग पहचान बनाई है। वह सिर्फ एक अच्छे अभिनेता नहीं हैं, बल्कि बेहतरीन डायरेक्टर भी हैं।

# नए ट्रैक रतन कलियां पर काम किया आयुष्मान ने

## यह है एक पंजाबी-पॉप फ्यूजन नंबर

**मुंबई (ईएमएस)।** पानी दा रंग के कंपोजर रोचक कोहली के साथ बॉलीवुड स्टार आयुष्मान खुराना ने नए ट्रैक रतन कलियां पर काम किया है। आयुष्मान की आवाज़ ट्रैक में एक नया आयाम जोड़ती है। गाने का म्यूजिक वीडियो डार गाई द्वारा निर्देशित किया गया है। यह एक पंजाबी-पॉप फ्यूजन नंबर है, जिसके बोल गुरप्रीत सैनी और गौतम शर्मा ने लिखे हैं। गाने के बारे में बात करते हुए, आयुष्मान ने कहा, मुझे उम्मीद है कि यह गाना लोगों के दिलों को छू जाएगा और लोगों की प्लेलिस्ट में शामिल हो जाएगा। मेरे बचपन के दोस्त रोचक कोहली के साथ काम करना हमेशा खुशी की बात रही है। उन्होंने आगे उल्लेख किया, जब म्यूजिक की बात आती है तो उनका नाम सबसे पहले दिमाग में आता है। वह बेहद भावुक और बहुमुखी हैं। गीतकार गौतम शर्मा ने कहा, रतन कलियां एक खूबसूरत धुन है और मुझे उम्मीद है कि श्रोता वही भावनाएं महसूस करेंगे जो टीम ने डालने की कोशिश की है और गाने के साथ गहराई से जुड़ेंगे। टी-सीरीज़ द्वारा निर्मित, रतन कलियां गाना टी-सीरीज़ के यूट्यूब चैनल पर स्ट्रीम करने के लिए उपलब्ध है।उन्होंने इस कम्पोजीशन में खूब मेहनत




की है। मैं हमारी डिस्कोग्राफी में एक और स्पेशल सॉन्ग जोड़ने के लिए एक बार फिर उनके साथ सहयोग करने के लिए रोमांचित हूं।लिरिसिस्ट गुरप्रीत सैनी ने साझा किया कि टीम एक ऐसा सॉन्ग बनाना चाहती थी, जो जुदाई के दर्द का अनुभव करने वाले हर किसी को पसंद आए !

# कंफर्टेबल फील कराने इंटिमेट सीन से पहले एक्ट्रेस से पूछी पीरियड की डेट





**मुंबई (ईएमएस)।** अपने बेहतरी निर्देशन के लिए अनुराग कश्यप को भला कौन नहीं जानता है। यही वजह है कि वह अपने कलाकारों की हर समस्या को बारीकी से गौर करते हैं। निर्देशन के अलावा वह सेट पर सितारों को कंफर्टेबल फील कराने में कोई कसर नहीं छोड़ते हैं। हाल ही में, एक्ट्रेस अमृता सुभाष ने अनुराग संग काम करने का बड़ा ही संजीदा अनुभव साझा किया है। अमृता सुभाष ने अनुराग कश्यप के साथ सेक्रेड गेम्स 2 में काम किया था। इस वेब शो में अमृता का एक इंटिमेट सीन था। अमृता ने बताया कि कैसे इस सीन को करने से पहले अनुराग ने उनसे उनकी पीरियड डेट पूछी थी, ताकि वह उन दिनों में इस सीन की शूटिंग के दौरान अनकंफर्टेबल न हों। बता दें कि हाल ही में, लस्ट स्टोरीज 2 की को-स्टार्स नीना गुप्ता और तिलोत्तमा शोम के साथ एक इंटरव्यू में अमृता ने अनुराग कश्यप के साथ काम करने पर कहा कि मैंने अपना पहला इंटिमेट सीन सेक्रेड गेम्स 2 में अनुराग कश्यप के साथ किया था। वह बहुत सेंसिटिव हैं। उन्होंने डायरेक्टर टीम को बुलाया। वह पहले शख्स थे, जिन्होंने मुझसे पूछा, आपके पीरियड्स कौन से दिन हैं। उसके आस-पास वो इंटिमेट सीन मत रखो। ये मर्द-औरत के परे है। वह बहुत सेंसिटिव हैं। गौरतलब है कि अनुराग कश्यप ने विक्रमादित्य मोटवाने के साथ मिलकर सेक्रेड गेम्स 2 की शूटिंग की थी। नवाजुद्दीन सिद्दीकी और सैफ अली खान ने इस सीरीज में लीड रोल प्ले किया था। शो के लिए अनुराग ने नवाज के सींस को डायरेक्ट किया था, वहीं सैफ के सींस का निर्देशन विक्रमादित्य ने किया था। गौरतलब है कि अमृता सुभाष का वेब शो लस्ट स्टोरीज 2 नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रहा है। इसमें वह मेड का रोल प्ले कर रही हैं। अमृता के साथ लीड रोल में नीना गुप्ता, तिलोत्तमा शोम, काजोल, तमन्ना भाटिया और विजय वर्मा भी हैं। अमृता बॉम्बे बेगम्स और सास बहू अचार प्राइवेट लिमिटेड जैसे वेब शोज में भी नजर आ चुकी हैं, जिसमें उनका अभिनय खूब सराहा गया है।

# शाहरुख खान के साथ काम करने से करण जौहर ने किया इनकार

**मुंबई (ईएमएस)।** करण जौहर ने अभिनेता शाह रुख खान के साथ काम करने से इंकार कर दिया है। गौरतलब है कि शाह रुख खान और करण जौहर के बीच की स्पेशल बॉन्डिंग जग जाहिर है। फिर भी करण ने ऐसा कुछ कहा कि किंग खान के फैंस इसे पचा नहीं पा रहे हैं। गौरतलब है कि शाह रुख और करण ना सिर्फ अच्छे दोस्त हैं बल्कि इन दोनों ने मिलकर काफी ब्लॉकबस्टर फिल्में भी दी हैं। अब कुछ ऐसा हुआ हक लोगों को भरोसा नहीं हो रहा है। जानकारी के अनुसार करण जौहर ने पहली बार शाह रुख खान के साथ फिल्म करने से मना कर दिया है। दो साल से अधिक के अंतराल के बाद, करण मल्टी-स्टारर रॉकी और रानी की प्रेम कहानी के साथ वापसी कर रहे हैं, जिसमें रणवीर सिंह और आलिया भट्ट मुख्य भूमिका में हैं। निर्देशक को अपनी फिल्मों में अपने फैंस को हमेशा ही कुछ सरप्राइज देने की आदत है। चाहे वह स्टूडेंट ऑफ द ईयर में काजोल हो या ऐ दिल है मुश्किल में आलिया हो। ऐसी रिपोर्ट्स थीं कि शाह रुख रॉकी और रानी की प्रेम कहानी में एक कैमियो करेंगे, जैसा कि उन्होंने ऐ दिल है मुश्किल के लिए किया था। बताया गया कि शाह रुख ने खुद इस प्रोजेक्ट पर काम करने की उत्सुकता जाहिर की थी। लेकिन करण ने एक इंस्टाग्राम लाइव के दौरान फिल्म में कैमियो करने की रिपोर्ट्स पर विराम लगा दिया। उन्होंने कहा कि नहीं, शाह रुख नहीं हैं लेकिन उनका प्यार और आशीर्वाद हमेशा मेरे साथ है। वह मेरे लिए परिवार हैं और वह रॉकी और रानी की प्रेम कहानी की पहली यूनिट बनाने वाले पहले व्यक्ति थे। एक रिपोर्ट के मुताबिक, शाह रुख के इस प्रोजेक्ट में नजर न आने का कारण यह है कि वह कहानी में फिट नहीं बैठते। एक सूत्र ने बताया कि करण जौहर नहीं चाहते थे कि शाह रुख सिर्फ दिखावे के लिए आएं। उनकी एंट्री के लिए कहानी में कुछ प्लॉट होना चाहिए। लेकिन इस बार, वह कहानी में कहीं भी फिट नहीं बैठे। इसलिए वह नहीं हैं। हालांकि जब यह सुझाव दिया गया कि अभिनेता गाने का हिस्सा हो सकते थे, तो अंदरूनी सूत्र ने आगे कहा कि यहां तक कि वह विकल्प भी सही नहीं लगा। अब तक के करियर के दौरान शाह रुख ने दोस्तों के लिए लगभग 30-35 गेस्ट अपीयरेंस दिए हैं। करण कभी भी शाह रुख और उनकी पत्नी गौरी से अपनी नजदीकियों का गलत इस्तेमाल नहीं करना चाहते।



moviemagic
#Magically Refreshed
ADIPURUSH
2D
9 AM 10:30 AM 12:30 PM
4 PM 6:30 PM 7:30 PM
10 PM 11 PM
3D
10 AM
2 PM 9 PM
THE FLASH
Hindi
6 PM
ZARA HATKE ZARA BACHKE
3 PM
SHOWS BEFORE 11AM AT JUST ₹ 100/-
*For 2D Movies Only
For Enquiry. Contact: 07612662222

Call For Booking 9755561144
Online Booking visit bookmyshow
RECLINER
SR CINEMA
Adipurush 3D: 09:00 AM, 12:20 PM, 06:30 PM, 10:00 PM
Adipurush 2D: 09:30 AM, 01:00 PM, 07:00 PM, 10:15 PM
The Flash 2D: 03:40 PM
Zara Hatke Zara Bachke: 04:30 PM
SR MALL
Near SBI Chowk Vijaynagar, Jabalpur (MP)

# शौक पूरा करने की लालच ने करवाई डकैती

## आधारकाप में डेयरी व्यवसायी मनीष शर्मा के यहां हुई डकैती का पर्दाफाश

## आधा दर्जन युवकों ने दिया था वारदात को अंजाम, उत्तरप्रदेश के बनवार से 4 आरोपी गिरफ्तार, एक फरार

**कटनी, यशभारत।** रातोंरात अमीर बनने और अपने सपने पूर करने की लालच ने आधारकाप के युवकों ने डकैती जैसी संगीन वारदात को अंजाम दे दिया। डकैती के आरोपियों ने घटना से कुछ दिन पहले ही वारदात को अंजाम देने की योजना बनाई थी। इस वारदात के आरोपी मास्टर माइंड रवि निषाद ने शराब पीने के दौरान कहा था कि मोटू अंकल के पास बहुत पैसे हैं। अपन चोरी करते हैं। 10-10 लाख रुपए मिल जाएंगे, इससे घर बनवा लेंगे और कार खरीदेंगे। आरोपियों का यही शौक इस वारदात को अंजाम देने का कारण बना। कोतवाली पुलिस ने आधारकाप में विगत दिनों डेयरी संचालक एवं शेयर व्यवसायी मनीष शर्मा के घर पर हुई डकैती की वारदात का पर्दाफाश किया। वारदात को 20 वर्षीय रवि निषाद, 18 वर्षीय कुलदीप निषाद, 18 वर्षीय सचिन निषाद, 22 18 वर्षीय आशीष निषाद एवं 18 वर्षीय साहिल निषाद ने अंजाम दिया था। वारदात को अंजाम देते हुए युवकों ने डेरी संचालक मनीष शर्मा पर प्राणघातक हमला भी कर दिया, जिससे मनीष शर्मा गंभीर रूप से घायल हो गए और जबलपुर ले जाते समय मौत हो गई।

### 104 ग्राम सोना बरामद

एसपी ने बताया कि आरोपियों के पास से 104 ग्राम सोने के जेवर बरामद किए गए हैं, जिनकी कीमत करीब 6 लाख रुपए आंकी गई है। जिसमे 1 सोने की अंगूठी, 1 सोने की नथ रवि निषाद द्वारा राजू निषाद को देना बताया गया है। पकड़े गए आरोपियों ने पूछताछ में बताया है कि 4 आरोपी घर के अंदर घुसे थे और 2 अन्य युवक घर के बाहर निगरानी कर रहे थे।

### वारदात का पर्दाफाश करने में इनका रहा सहयोग



डकैती की इस वारदात का पर्दाफश करने में एसपी अभिजीत रंजन का निर्देशन व एएसपी मनोज केडिया, सीएसपी विजय प्रताप सिंह का मार्गदर्शन रहा। कार्रवाई में कोतवाली थाना प्रभारी अजय बहादुर सिंह स्लीमनाबाद थाना प्रभारी विपिन सिंह, निरीक्षक संजय दुबे, एनकेजे थाना प्रभारी सिद्धार्थ राय, रंगनाथ नगर थाना प्रभारी नितिन कमल, सायबर सेल प्रभारी उदयभान मिश्रा, खिरहनी चौकी प्रभारी के के पटेल, उपनिरीक्षक दुर्गेश तिवारी सहित अन्य पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों का सहयोग रहा। उत्तरप्रदेश पुलिस ने भी सहयोग किया।

### उत्तरप्रदेश से गिरफ्तार किए गए सभी आरोपी

पत्रकारवार्ता में एसपी अभिजीत रंजन ने बताया कि आधारकाप निवासी मनीष शर्मा के घर में विगत 4 जुलाई की रात घर में घुसकर डकैती व हत्या के मामले में पुलिस ने फरार चार आरोपियों को उत्तरप्रदेश के बड़वार चित्रकूट से गिर तार किया है। एक आरोपी को पुलिस ने पहले ही कटनी से गिर तार कर लिया था, जबकि मामले में एक आरोपी साहिल निषाद अभी भी फरार है, जिसकी तलाश की जा रही है। आरोपियों को पुलिस ने न्यायालय में पेश करते हुए तीन दिन की रिमांड पर लिया है। बदमाशों की गिर तारी के लिए 30 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया था।

### ट्रेन से चित्रकूट पहुंचे सभी आरोपी

डकैती व हत्या की वारदात को अंजाम देने के बाद पांचों आरोपी एक साथ पैदल कुठला थाना क्षेत्र के पुरैनी होते हुए चाका बायपास पहुंचे और यहां से तीन पहिया वाहन से पकरिया पहुंचे। यहां से ट्रेन में बैठकर चित्रकूट पहुंचे और फिर रिश्तेदार के यहां पहुंच गए। चित्रकूट पहुंचने के बाद सभी अलग-अलग हो गए और बस से बनवार में अपने रिश्तेदार के यहां पहुंचे। एक आरोपी सचिन निषाद यहीं रुक गया था, जो पुलिस की गतिविधि पर नजर रखे हुए था। चाकू से हमला रवि निषाद व आशीष निषाद ने ही किया था। आरोपियों के पास से लॉकर भी जब्त किया गया है। रवि निषाद के विरुद्ध मारपीट के अपराध, आशीष निषाद के विरुद्ध मारपीट व जुआ एवं सहित लूट के प्रकरण पंजीबद्ध हैं।

# नर्सें हड़ताल पर, चरमराई स्वास्थ्य सेवाएं



### कार्यरत में से एक चौथाई स्टाफ ड्यूटी पर, मांगों को लेकर रैली निकालकर नारेबाजी

**कटनी, यशभारत।** अन्य प्रदेशों की भांति सेकेण्ड ग्रेड दिए जाने, नर्सिंग संवर्ग की वेतन विसंगतियों को दूर करने एवं रात्रिकालीन आकस्मिक चिकित्सा भत्ता दिए जाने की मांगों को लेकर नर्सिंग ऑफीसर एसोसिएशन मध्यप्रदेश के प्रांतव्यापी आव्हान पर आज से नर्सों की अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू हो गई। हड़ताल के पहले ही दिन जिला चिकित्सालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित स्वास्थ्य केन्द्रों की व्यवस्थाएं पटरी से उतर गईं और स्वास्थ्य सेवाओं पर असर पड़ा। बताया जाता है कि कार्यरत नर्सों में से केवल 27 नर्सें ड्यूटी पर है और उन्हीं से काम लिया जा रहा है, बाकी नर्सिंग स्टाफ ने आज से हड़ताल पर हैं। सिविल सर्जन डॉ यशवंत वर्मा ने बताया कि एक चौथाई स्टाफ कार्य कर रहा है। व्यवस्थाएओं पर असर पड़ा हैं लेकिन किसी तरह काम कराया जा रहा है। विदित हो कि नर्सिंग ऑफीसर एसोसिएशन ने विि न्न मांगों को लेकर एक ज्ञापन कुछ दिन पहले मु यमंत्री के नाम सिविल सर्जन को सौंपा था। ज्ञापन में कहा गया था कि नर्सिंग संवर्ग की मांगो का निराकरण नहीं किया जा रहा है। एसोसिएसन द्वारा कईयों बार ज्ञापन सौंपा जा चुका है, परन्तु मांगों का निराकरण नही किया गया है। जिससे नर्सिंग संवर्ग में असंतोष व्याप्त है। मांगो का निराकरण एक सप्ताह के अंदर नहीं किया जाता है तो 10 जुलाई से काम बंद हड़ताल की जाएगी। नर्सिंग एसोसिएशन की प्रमुख मांगों में अन्य प्रदेशों की भांति सेकेण्ड ग्रेड दिया जाए। नर्सिंग संवर्क की वेतन विसंगतियों को दूर किया जावे। रात्रिकालीन आकस्मिक चिकित्सा भत्ता स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सकों को 500 रूपए प्रति रात्री दिया जाता है, जबकि इनके साथ संलग्न नर्सेस एवं अन्य पेरामेडिकल कर्मचारियों को भी 300 रूपये प्रति रात्री आकास्मिक चिकित्सा भत्ता दिया जाए। प्रदेश के चिकित्सा शिक्षा विभाग में स्वासाशी अधिकारी कर्मचारियों के वर्ष 2018 के भर्ती नियमों में संशोधन किया जाए, साथ ही भर्ती नियमों में संशोधन करते समय एसोसिएशन के प्रतिनिधियों का सुझाव लिया जाए। ग्वालियर एवं रीवा मेडिकल कॉलेज में जीएनएम नर्सिंग को 3 एवं बीएससी नर्सिंग को 4 वेतन वृध्दि दी गई है, जबकि अन्य मेडिकल कॉलेजों में नहीं दी गयी है। विभाग द्वारा सौतेला व्यवहार किया गया है। ग्वालियार एवं रीवा मेडिकल कॉलेज की भांति अन्य शेष मेडिकल कॉलेज के नर्सिंग ऑफिसर को 3 एवं 4 वेतनवृद्धि दी जाए।

### होटल इंद्रपैलेस से दो आरोपी गिर तार, जबलपुर से जुड़ा मामला, कोतवाली पुलिस जबलपुर पुलिस को करेगी सुपुर्द

# रुपए डबल करने का झांसा देकर ठगे आठ लाख रुपए

### सफेद कागज से नकली नोट बनाने का करते थे दावा





**कटनी, यशभारत।** रूपए डबल करने का लालच देकर लोगों से रूपयों की ठगी करने वाले दो युवकों को कोतवाली पुलिस ने गिर तार किया है। पूरा मामला जबलपुर से जुड़ा हुआ है और जबलपुर में ही आरोपियों के विरूद्ध एफआईआर दर्ज है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जबलपुर के सदर केंट इलाके में रहने वाले इकबाल भाइजान कपड़ों की फेरी लगाकर जीवन यापन करते हैं। करीब दो महीने पहले कपड़ों की खरीदी के लिए दिल्ली गए थे। इस दौरान वहां पर कुछ लोगों से परिचय हुआ। उन्होंने रुपए डबल करने की योजना बताई। इसके बाद इकबाल से 8 लाख रुपए लेकर चंपत हो गए थे। जबलपुर से पहुंचे कुछ लोगों ने बताया कि आरोपी युवकों ने कई लोगों के साथ ठगी की है। बड़ी सं या में रविवार को एक महिला के साथ युवक व ठगी के शिकार हुए लोग पहुंचे। उन्हें भनक लग गई थी कि ठगी करने वाले होटल में ठहरे हैं। इस दौरान कथित ठगों ने नोट भी बनाकर दिखाया। उसे बाजार में चलाने के लिए भी एक साथी के साथ भेजा। इस दौरान पीड़ितों को आशंका हुई तो तत्काल कोतवाली पुलिस को सूचना दी। पीड़िता ने कचहरी चौक स्थित होटल इंद्र पैलेस से आरोपियों को दबोचते हुए कोतवाली पुलिस के हवाले किया। इस दौरान एक साथी भागने में कामयाब हो गया है। पकड़े गए लोगों जमील अहमद 46 वर्ष निवासी लाजपत नगर दिल्ली व वकील अहमद 60 वर्ष निवासी लाजपत नगर दिल्ली शामिल है। इसमें दीप, लक्ष्मण, इस्माइल नामक युवक का नाम भी शामिल होना बताया। कोतवाली टीआई का कहना है कि मामला जबलपुर का है, इसलिए वहां की पुलिस आकर दोनों को लेकर जाएगी।


**यशभारत हैल्पलाइन**
**अखबार की प्रति के लिए**
**फोन करें– 230033**






**आवश्यकता है**

टेली/बिजी सॉफ्टवेयर में डाटा फीडिंग करने हेतु पुरूष/महिला की आवश्यकता है।

वेतनमान 10,000/-

संपर्क मो. 9425465227

**JOB OPENING**

Requirement/Skills

1. Tally Prime, 2. Micro-soft Excel, Word
3. Communication Skills

The Dinesh Goods Transport Co.

Address- Near Ajay Dall Mill Madhavnagar gate Acc Post Katni M.P.

Contact- Ayush Jain Mo. 8989020207

जीवन को समरस, सुसम्पन एवं सुसंस्कृत बनाने हेतु समर्पित विद्याभारती की वैचारिक एवं सामाजिक प्रतिबद्धता का संस्थान विद्याभारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान से मार्गदर्शित सरस्वती शिक्षा परिषद से संबंद्ध

(शासन द्वारा मान्यता प्राप्त)

आई.एस.ओ. 9001- 2008 प्रमाणित

अटल टिंकरिंग लेब, स्मार्ट क्लास, कम्प्यूटर प्रयोगशाला

स्पोकन इंग्लिश क्लासेस की पृथक व्यवस्था

**सरस्वती शिशु मंदिर / उच्च. माध्य. विद्यालय कटनी**

**नई बस्ती कटनी (म.प्र.)**

**कक्षा अरूण से द्वादश तक**

**दूरभाष -07622- 409413, 409975**

धन्य कुमार गांधी अध्यक्ष | चंद्र प्रकाश बरसैंया व्यवस्थापक | पुरूषोत्तम माली प्राचार्य

SYNA INTERNATIONAL SCHOOL, KATNI (M.P.)

APPLICATIONS ARE INVITED FOR THE POST OF PRT, TGT, PGT'S FROM SUITABLE CANDIDATES WITH EXCELLENT COMMUNICATION SKILLS & AT LEAST 3 YEARS OF EXPERIENCE FOR A REPUTED CBSE CO-EDUCATION BOARDING CUM DAY SCHOOL IN KATNI (M.P.)

We are HIRING

1. PRT - English : Graduate / Post Graduate in English with B.Ed. or NTT,
PRT - Hindi : Graduate / Post Graduate in Hindi with B.Ed. or NTT,
PRT - Math : Graduate / Post Graduate with Math as one of the subjects & B.Ed. or NTT
2. TGT - Math : Graduate / Post Graduate with Math as one of the subjects & B.Ed.,
TGT - Social Science: Graduate / Post Graduate with Geography as one of the subjects & B.Ed.,
TGT - Hindi: Graduate / Post Graduate with Hindi as one of the subjects & B.Ed.
3. PGT - Maths: Post Graduate and B.Ed., PGT - Physics: Post Graduate & B.Ed.,
PGT - Chemistry: Post Graduate & B.Ed., PGT - Accountancy: Post Graduate & B.Ed.

BAND MASTER, CLASSICAL & WESTERN MUSIC (INSTRUMENTAL)
COMPUTER MAINTENANCE & SYSTEM ADMINISTRATOR

THE SCHOOL SHALL OFFER AN ATTRACTIVE PAY PACKAGE & OTHER PERKS INCLUDING :

Free Accommodation, Free Meals During Term Time,
Medical Insurance, Personal Accident Policy,
Exemption of fee to the wards of teaching staff,
PF as per government rules,
Higher start for deserving candidates

Interested candidates can share their resumes with expected salary & notice period on :

ppl@synainternational.edu.in whatsapp at +91 99775 83555

JAIN GROUP OF INSTITUTIONS 2023 Session Start SCHOOL ADMISSION New open for Entry

Approved by M.P. Board of Sec. Education to MPBSE Bhopal Affiliation Code- 744124

**JAIN NURSERY**

ENGLISH MEDIUM HIGHER SEC.SCHOOL

Class Nursery, KG-1, KG-2, to Class 12th

ART SCIENCE COMMERCE

MATHS & BIO GROUP

SMART FEATURES
- Smart Classes & Library - SMS Service to parents
- Surverlliance Cameras in all class Room
- Computer & Science Labs
- Excellent Teachers with Good Communication Skills




प्रकाश जैन


वर्षा जैन, प्राचार्य

Shiv Nagar, Balaji Nagar, Nadipar,katni (m.p.)

Mo. 7999291401, E-Mail -jainnurseryschool@gmail.com


# पगड़ी रस्म

बड़े दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरे परम पूज्यनीय पिता



## श्री केवल कृष्ण सूरी

का देहावसान दिनांक 7.7.2023 को हो गया है। उनकी आत्मा की शांति के लिये अंतिम अरदास व शोकसभा दिनांक 11.07.2023 दिन मंगलवार को होगी। 12 बजे अखंड पाठ समाप्ति, कीर्तन व 1 बजे पगड़ी रस्म तथा लंगर गुरूद्वारा बरही रोड कटनी में आयोजित है।

### शोकाकुल परिवार

राजीव सूरी, संजीव सूरी, सुजीत सूरी (पुत्र)
गौरव संजीव सूरी (पौत्र) नितिन सूरी (पौत्र)
एवं समस्त शोकाकुल सूरी परिवार।
मो. 7723000111, 9425859333


स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा मां रेवा पब्लिकेशन एण्ड प्रिंटर्स जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333
डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/22-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)